'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 217 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए मंगलवार, 22 अक्टूबर 2024 samachargate@gmail.com

## जरूरी सूचना

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी को करवाया पदभार ग्रहण



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज हरियाणा सिविल सचिवालय में सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं अंत्योदय (सेवा) मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी को पदभार ग्रहण करवाया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने श्री कृष्ण कुमार बेदी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और मुंह मीठा करवाया।

इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी को बहुमत देने के लिए हरियाणा की जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में हमारी डबल इंजन की सरकार प्रदेश को विकास में आगे लेकर जाएगी। हरियाणा में सभी मंत्रियों को विभागों का बंटवारा कर दिया गया है। जिन उम्मीदों के साथ हरियाणा की जनता ने भाजपा को बहुमत दिया, उन पर हम सभी कड़ी मेहनत करते हुए खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा कि 25 अक्तूबर, 2024 को सभी विधायकों को शपथ दिलवाई जाएगी।

इस मौके पर पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस के लिए यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वह युवाओं को बिना पर्ची-बिना खर्ची के नौकरियां देने में बाधाएं पैदा कर रही है। भर्ती रोको गैंग कांग्रेस द्वारा प्रायोजित है। कांग्रेस और भर्ती रोको गैंग को जनता ने नकार दिया है।

दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती आतिशी द्वारा लगाए जा रहे आरोपों पर मुख्यमंत्री ने जवाब देते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार केवल आरोप लगाने का काम करती है। श्री अरविंद केजरीवाल दावा करते थे कि वे सबसे पहले यमुना को स्वच्छ करेंगे, जबकि आज 10 साल बाद भी वे केवल आरोप लगा रहे हैं। वे अपने गिरेबान में झांके और केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली सरकार को दिए गए 6,000 करोड़ रुपये का हिसाब दें। आम आदमी पार्टी के डीएनए में ही केवल आरोप लगाना है।

श्री सैनी ने कहा कि जब श्रीमती आतिशी दिल्ली की मुख्यमंत्री बनी थी, उस समय मैंने उन्हें सलाह दी थी कि वे श्री अरविंद केजरीवाल के रास्ते पर न चले। परंतु वे भी उन्हीं के रास्ते पर चलते हुए आज आरोप लगा रही हैं। कांग्रेस की तरह आम आदमी पार्टी भी झूठ का सहारा ले रही है।

मुख्यमंत्री ने पराली प्रबंधन के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि उच्चतम न्यायालय पंजाब को हरियाणा से सीख लेने की बात कहते हुए हरियाणा की प्रशंसा कर चुका है। हरियाणा सरकार ने पराली प्रबंधन में काफी बेहतर काम किया है। किसानों को पराली प्रबंधन के लिए 1 एकड़ पर 1,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है। साथ ही, किसानों को पराली प्रबंधन के लिए सबसिडी पर उपकरण भी प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि किसान पराली न जलाएं, इससे न केवल प्रदूषण होता है बल्कि मिट्टी की उपजाऊ शक्ति भी प्रभावित होती है।

कार्यभार संभालने उपरांत सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं अंत्योदय (सेवा) मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में विभागों का आवंटन हो गया है। हम सभी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भाजपा के संकल्प-पत्र में किए गए वायदों को पूरा करेंगे। इस मौके पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा भी मौजूद रहे।

## बिप्लब देब से दिल्ली मिलने पहुंचे नायब सिंह सैनी, महत्वपूर्ण विषयों पर हुई चर्चा

### नायब सरकार हरियाणा में गरीब कल्याण व सुशासन के नए कीर्तिमान स्थापित करेगी : बिप्लब देब



**समाचार गेट ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सोमवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरियाणा विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब से मिलने उनके दिल्ली स्थित निवास पर पहुंचे। बिप्लब कुमार देब ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का स्वागत किया और मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। बिप्लब देब और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के बीच लगभग आधा घंटा तक विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।

बिप्लब कुमार देब ने कहा कि हरियाणावासियों ने जिन आशाओं और आकांक्षाओं के साथ भाजपा को तीसरी बार सेवा का अवसर दिया भाजपा सरकार उन्हें पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि नायब सरकार प्रदेश में गरीब कल्याण व सुशासन के नए कीर्तिमान स्थापित कर हर वर्ग की सेवा एवं विकास करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। बिप्लब देब ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भाजपा द्वारा जारी किए गए संकल्प पत्र के सभी लक्ष्यों को पूरा करते हुए जनता जनार्दन के विश्वास पर खरा उतरेंगे।

बिप्लब कुमार देब ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मिलनसार व्यक्तित्व से हर हरियाणावासी खुश हैं। हरियाणा के लोगों का विश्वास भाजपा सरकार में बढ़ा है। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वह संकल्प के साथ पूरा करके दिखाती है। भाजपा ने हरियाणा में पिछले 10 वर्षों में पारदर्शी शासन दिया, युवाओं को बिना पर्ची और बिना खर्ची के नौकरियां दी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चुनाव के समय 25 हजार युवाओं को नौकरी देने का जो वादा किया था उसे पूरा किया है।

बिप्लब कुमार देब ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार विकसित होने की राह पर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हरियाणा से विशेष लगाव है, इसलिए आने वाले समय में पीएम मोदी के मार्गदर्शन में हरियाणा तेजी से नई बुलंदियों को छूएगा। बिप्लब देब ने नवगठित सरकार में शामिल सभी विधायकों और मंत्रियों को भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## स्वास्थ्य मंत्री आरती राव गुरुग्राम में आज

**समाचार गेट ब्यूरो**



**गुरुग्राम।** हरियाणा की स्वास्थ्य, आयुष एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री आरती सिंह राव मंगलवार 22 अक्टूबर को गुरुग्राम का दौरा करेंगी। प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव मंगलवार की सुबह 11:00 बजे पीडब्ल्यूडी विश्रामगृह में जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक लेंगी। इसके उपरांत मंत्री ओल्ड सिविल हॉसपिटल के स्थल तथा सिविल हॉसपिटल का दौरा करेंगी। साथ ही श्री माता शीतला देवी मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य का निरीक्षण भी करेंगी।

## पुलिस आयुक्त ने पुलिस स्मृति दिवस पर पुलिस के अमर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देकर किया नमन

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** जैसा कि विदित है कि प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को भारत वर्ष में पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। बता दे कि सीआरपीएफ की तीसरी बटालियन की एक कंपनी लददाख में हॉट स्प्रींग एरिया में तैनात थी।

21 अक्तूबर 1959 को भारत-तिब्बत सीमा पर कम्पनी के 21 जवानो की एक टुकडी गश्त कर रही थी इसी दौरान चीनी फौज के एक बडे दस्ते ने घात लगाकर हमारे जवानो पर अटैक कर दिया। हमारे जवानों ने चीनी आक्रमण का डटकर मुकाबला किया और दुश्मनो को मार गिराया, इस घाती हमले में हमारे 10 शूरवीर जवानों ने देश की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। यह देश के लिए गौरव की बात है। तभी से इन बहादुर जवानों के बलिदान को भारत वर्ष में पुलिस स्मृति दिवस के रुप मे मनाया जाता है।

इसी क्रम में आज 21 अक्टूबर को पुलिस लाईन सेक्टर 30 फरीदाबाद में *पुलिस स्मृति दिवस* के अवसर पर शहीद हुए पुलिसकर्मियों की याद में श्रृद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। पुलिस स्मृति दिवस पर जवानों द्वारा शहीदों की याद मे सलामी दी गई, पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश नरवाल, IPS, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय अभिषेक जोरवाल, पुलिस उपायुक्त अपराध क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा, पुलिस उपायुक्त एनआईटी कुलदीप सिंह, पुलिस उपायुक्त सेंट्रल जसलीन कौर, पुलिस उपायुक्त बल्लबगढ़ अनिल कुमार, पुलिस उपायुक्त यातायात ऊषा सहित सभी एसीपी व अन्य पुलिसकर्मियों ने अमर जवान शहीद समारक, पुलिस लाईन सेक्टर 30 फरीदाबाद पर शहीदों को पुष्प श्रद्धा व सुमन अर्पित



कर श्रद्धांजलि दी व परेड का आयोजन किया जाकर शहीदों को शोक सलामी दी गई। इस दौरान फरीदाबाद पुलिस के शहीद हुए पुलिसकर्मियों के परिजनों को पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश नरवाल, IPS ने सहानुभुति देकर शहीद हुए पुलिसकर्मियों के उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया व फरीदाबाद पुलिस के शहीद सहायक उप निरीक्षक योगराज के बेटे राजेश मेहता वासी टाऊन नम्बर-3 फरीदाबाद व शहीद सिपाही सत्यवीर सिंह की पत्नी सुनीता वासी गांव जाजरु बल्लबगढ को स्मृति चिन्ह और शॉल भेंट किया गया तथा शहीदों के परिवारों की सुख-समृधि की कामना की। पुलिस आयुक्त ने अमर शहीद जवानों का कोटि-कोटि धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने अपने प्राणों की परवाह किए बिना देश के लिए अपनी जान न्यौछावर कर दी, इसके लिए भारत वर्ष सदैव उनका आभारी रहेगा और उनकी शहादत पूरे देश के लिए प्रेरणा के स्रोत के रूप में कार्य करेगी जिससे नवयुवक देश सेवा के लिए आगे आएंगे और वतन को नई बुलंदियों तक ले जाने में अपना अहम योगदान देंगे

## होडल में हो रही है खाद की काला बजारी, किसानों में रोष



**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** होडल में किसानों को खाद ना मिलने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसान अपने घरों से खाद लेने के सुबह से ही केंद्रों के बाहर लाइन लगाकर खड़े हो जाते है और कई घंटे इंतजार करने के बाद भी बगैर खाद लिए खाली हाथ घर पर लौट जाते है। किसानों का आरोप है कि केंद्र इंचार्ज अपने चहेते किसानों को खाद देने में लगे हुए है। किसानों में खाद वितरित करने वाले केंद्र इंचार्ज के प्रति रोष व्याप्त है। किसानों को फसल की बुवाई के लिए इस समय खाद की विशेष जरूरत है और किसानों को खाद के लिए दर-दर की ठोकरें खाने पर मजबूर होना पड़ रहा है। किसान डीएपी खाद के लिए सुबह से साए तक खाद वितरण केंद्रों पर भटक रहे है। गोडोता रोड स्थित हैफेड गोदाम के सामने इफको केंद्र पर खाद लेने के लिए सुबह सात बजे से ही खाद लेने वाले किसानों की लंबी कतार लग जाती है। केंद्र संचालक केंद्र के मुख्य गेट को बंद कर देते है और बाहर खाद लेने के लिए लाइन में खड़े किसानों को लगभग 11 बजे खाद वितरित करना शुरू करते है। किसान सुरेंद्र, रामजीत, प्रेम चंद, रामहेत, हरकिशन, मोहन, रामहेत, विकाश के अलावा अन्य किसानों ने खाद वितरित कर रहे केंद्र इंचार्ज व अन्य कर्मचारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र इंचार्ज व कर्मचारी अपने चहेते लोगों को तुरत फोन पर बुलाकर खाद दे देते है और जो किसान पिछले तीन घंटे से खाद के इंतजार में खड़े है उन्हें खाद मिलता नहीं। किसानों ने बताया कि वह पिछले एक सप्ताह से खाद लेने के लिए केंद्र के चक्कर काट रहे है, फिर भी उन्हें अभी तक एक भी कट्टा खाद का नहीं मिला है। इसके अलावा किसानों का आरोप है कि केंद्र इंचार्ज व कर्मचारी अपने चहेतो के आधार कार्ड पहले ही अपने पास जमा रखते है और खाद की गाड़ी आते ही एडवांस में पर्ची काटकर उन्हें सबसे पहले खाद देते है और जो किसान पिछले कई दिनों व घंटों से खाद लेने के लिए लाइन में लगे हुए है उन्हें खाद मिलता तक नहीं। किसानों का आरोप है कि केंद्र इंचार्ज और कर्मचारी हरियाणा के किसानों को खाद देने के बजाए यूपी के किसानों को ब्लैक में खाद दे रहे है।

## मंझावली पुल, तिगांव रोड का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा करें: राज्य मंत्री राजेश नागर



### जिन भी विकास कार्यों में देरी हुई उससे संबंधित अधिकारियों पर विजलेंस जांच करने के आदेश दिए

### खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले एवं मुद्रण एवं स्टेशनरी विभाग के स्वत्रन्त्र प्रभार मंत्री राजेश नागर ने जिला में चल रहे विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले एवं मुद्रण एवं स्टेशनरी विभाग के स्वतंत्र प्रभार मंत्री राजेश नागर ने कहा कि जो भी रुके हुए विकास कार्य है उनको जल्द से जल्द पूरा कराएं क्योंकि देरी से मिला विकास व्यर्थ जाता है।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले एवं मुद्रण एवं स्टेशनरी विभाग के स्वत्रन्त्र प्रभार मंत्री राजेश नागर ने आज लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में जिला में चल रहे विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की।

राज्य मंत्री राजेश नागर ने खेड़ी पूल से मंझावली रोड, बल्लभगढ़ मंझावली रोड, कौराली से छज्जूपुर रोड, कौराली से बुखारपुर रोड, भतौला से खेड़ीपुल सड़क का निर्माण जल्द से जल्द पूरा करे और जिन भी विकास कार्यों में देरी हुई है उसके लिए सम्बंधित अधिकारी और ठेकेदार के खिलाफ जांच बिठाई जाए और दोषी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। इसका साथ ही उन्होंने मंझावली पूल के निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपए के विकास कार्य तिगांव विधानसभा क्षेत्र में चल रहे हैं लेकिन समयबद्ध तरीके से अभी तक पूरे नहीं हुए इसके लिए सम्बंधित अधिकारी पर विजलेंस जांच बैठने के आदेश भी दिए। राज्य मंत्री राजेश नागर ने बैठक में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी ठेकेदार काम में ढील बरत रहा है उसका टेंडर रद करके किसी और को दिया जाए तथा आगे से प्रतिष्ठित ठेकेदारों को ही टेंडर दिया जाए। उन्होंने उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे निर्बाध रूप से जिला में चल रहे विकास कामों का बेहतर क्रियानवित करना सुनिश्चित करें और कोई भी अधिकारी किसी भी दबाव में न आकर ईमानदारी से अपने ड्यूटी को निर्वहन करें।

राज्य मंत्री राजेश नागर ने नगर निगम अधिकारियों की आदेश दिए की दीपावली के त्यौहार के बाद जिस भी सड़क पर रेहड़ी पटरी या कोई भी अवैध कब्जा हो जिसकी वजह से वहां जाम की स्तिथि पैदा होती हो ऐसी जगह पर तुरंत कार्यवाही करके सड़को को जाममुक्त किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को कड़े शब्दों में कहाकि हम सबको मिलकर जिला फरीदाबाद को नंबर वन स्मार्ट सिटी बनाना है। इसलिए कोई भी अधिकारी काम में कोताही न बरते।

बैठक में एमसीएफ कमिश्नर मोना ए श्रीनिवासन, एडीसी डॉ आनंद शर्मा, नगर निगम के जॉइंट कमिश्नर गौरव अंतिल, एसडीएम बल्लभगढ़ मयंक भारद्वाज, एसडीएम फरीदाबाद शिखा अंतिल, एसडीएम बड़खल अमित मान, सीटीएम अंकित कुमार सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण मौजूद थे।

## पुलिस स्मृति दिवस पर हेल्थ चेकअप व ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन



**समाचार गेट/ सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** जैसा की विदित है कि 21 अक्तूबर 1959 को लददाख में हॉट स्प्रींग एरिया में भारत-तिब्बत सीमा पर CRPF कम्पनी के 21 जवानो की एक टुकडी गश्त कर रही थी इसी दौरान चीनी फौज के एक बडे दस्ते ने घात लगाकर हमारे जवानो पर अटैक कर दिया। जिसपर हमारे जवानों ने डटकर मुकाबला किया और दुश्मनो को मार गिराया, इस घाती हमले में हमारे 10 शूरवीर जवानों ने देश की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। तभी से इन बहादुर जवानों के बलिदान को भारत वर्ष में पुलिस स्मृति दिवस के रुप मे मनाया जाता है। पुलिस प्रवक्ता ने बतलाया कि 21 अक्टूबर 2024 को फरीदाबाद पुलिस ने पुलिस समृति दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन, सेक्टर 30 में हेल्थ चेकअप व रक्तदान शिविर कैंप लगाया गया। जिसके मुख्य अतिथि पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश नरवाल IPS रहे। ब्लड डॉनेशन कैंप का आयोजन रेड क्रॉस के द्वारा किया गया, वहीं हेल्थ चेकअप कैंप अकॉर्ड हॉसपिटल की तरफ से लगाया गया। पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश नरवाल, IPS ने कैंप का उद्घाटन किया। इस दौरान पुलिस उपायुक्त मुख्यालय अभिषेक जोरवाल, पुलिस उपायुक्त अपराध हेमेन्द्र कुमार मीणा, पुलिस उपायुक्त एनआईटी कुलदीप सिंह, पुलिस उपायुक्त सेंट्रल जसलीन कौर, पुलिस उपायुक्त बल्लबगढ़ अनिल कुमार, पुलिस उपायुक्त यातायात ऊषा सहित सभी सहायक पुलिस आयुक्त, अन्य पुलिस कर्मचारी व रेड क्रॉस तथा अकॉर्ड हॉसपिटल की टीम मौजूद रही। इस रक्तदान शिविर का आयोजन रक्त की कमी से जूझ रहे व्यक्तियों मदद करने के लिए किया गया। इस ब्लड डोनेशन कैंप के माध्यम से 47 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, साथ ही हेल्थ चेकअप कैंप में 150 से अधिक पुलिसकर्मियों का चिकित्सा परिक्षण किया गया। पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश नरवाल, IPS ने सभी रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और बताया कि अमर शहीद जवानों ने देश सेवा में अपने लहू का कतरा कतरा बहा दिया, जिसके लिए उनका कोटि-कोटि धन्यवाद करते हैं। अमर शहीद जवानों की शहादत को युगों युगों तक याद रखा जाएगा जो आने वाली पीढियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

# पेट के लिए अच्छा होता है हरा बादाम

हरे बादाम नट्स होते हैं, जो पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। सूखे बादाम की तुलना में इनमें कई पोषक तत्व अधिक होते हैं। क्या-क्या हैं इनके फायदे और इन्हें कैसे खाएं, इस आलेख में हम यही बता रहे हैं -



- हरे बादाम स्वास्थ्य के लिए अच्छे होते हैं, क्योंकि ये एंटीऑक्सिडेंट से भरपूर होते हैं और शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकाल सकते हैं। ये रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं।
- ये बादाम वजन घटाने के लिए अच्छे हैं, क्योंकि इनमें स्वस्थ वसा शामिल है। ये अतिरिक्त वसा को बाहर निकालने में मदद करते हैं।
- हरे बादाम पेट के लिए अच्छे होते हैं, क्योंकि इनमें बहुत अधिक फाइबर होता है, जो पाचन प्रक्रिया को सुचारू बनाता है और कब्ज से मुक्ति दिलाता है।
- ये बालों के लिए भी फायदेमंद हैं, क्योंकि इनमें विटामिन, खनिज और कई अन्य पोषक तत्व होते हैं।
- हरा बादाम फोलिक एसिड का अच्छा स्रोत है, जो भ्रूण के मस्तिष्क और न्यूरोलॉजिकल विकास में मदद करता है। इसमें मौजूद विटामिन ई बच्चे को अस्थमा के जोखिम से बचाता है।

## बरतें सावधानी

- सूखे बादाम के मुकाबले हरे बादाम में पानी की मात्रा अधिक होती है और फाइबर भी ज्यादा होता है। इसलिए गर्मियों के मौसम में सूखे बादाम के मुकाबले हरे बादाम ज्यादा खाए जा सकते हैं।
- हरे बादाम में पानी और फाइबर की मात्रा भरपूर होने के कारण ये गर्मियों के मौसम में पाचन में बहुत मदद करते हैं। वैसे तो हरे बादाम को खाने की मात्रा डाइट पर निर्भर करती है, पर आमतौर पर आठ से दस बादाम एक दिन में खाये जा सकते हैं।
- हरे बादाम में पोटैशियम अधिक होता है। इसलिए किडनी से जुड़ी परेशानी वालों को विशेषज्ञ से परामर्श के बाद ही इनका सेवन करना चाहिए।
- वैसे तो हरे बादाम को छीलकर खाया जा सकता है, पर कोई इस तरह न खाना चाहे, तो इनको ऑलिव ऑयल के साथ भी खा सकते हैं।

# बुढ़ापे से रहना है दूर तो रोजाना खाएं ये 5 तरह के फूड



बुढ़ा होना एक नेचुरल प्रक्रिया है, जिसे आने से कोई नहीं रोक सकता है, लेकिन जीवन में मिलने वाली तमाम तरह की चुनौतियों से लड़ते-लड़ते इंसान कितनी जल्दी बूढ़ा हो जाता है, ये बात वह खुद भी नहीं समझ पाता है। चेहरे पर झुर्रियां, आंखों के नीचे कालापन, बालों का रूखा होना जैसी चीजें दिखाती हैं कि आप बूढ़े होने लगे हैं। ऐसे में हमारा खानपान बेहतर होना बहुत जरूरी है। हम आपको ऐसे फूड के बारे में बता रहे हैं, जिसके सेवन से बुढ़ापा जल्दी नहीं आएगा। टमाटर और तरबूज लाइकोपेन के समृद्ध स्रोत के रूप में जाने जाते हैं। लाइकोपेन फ्री रेडिकल्स को न्यूट्रिलाइज करता हुआ उनका सामना करता है और विशेष तरह के कैंसर होने के चांस भी घटाता है। एंटिऑक्सीडेंट्स की मौजूदगी त्वचा को सन डैमेज से सुरक्षित रखती है। पकाए गए टमाटर बेहतर विकल्प हैं, क्योंकि गर्म होने के कारण शरीर में अधिक एंटिऑक्सीडेंट्स मिलते हैं। टमाटर का जूस और कच्चे टमाटर भी अच्छे स्रोत हैं।

## लहसुन और सब्जियां

लहसुन और दूसरी सब्जियां जैसे प्याज, लीक्स और शैलॉट्स में एलियम होता है, जो फ्री रेडिकल्स का सामना करने का ताकतवर हथियार है। ये न केवल एजिंग का सामना करते हैं, बल्कि शरीर के इम्यून सिस्टम की मजबूती भी बढ़ाते हैं।

## बेरीज

बेरीज जैसे कि ब्ल्यूबेरीज, स्ट्रॉबेरीज, ब्लैकबेरीज, चेरीज और पॉमग्रेनेट एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं। गहरे रंगों वाले फल और सब्जियों में एंटी ऑक्सीडेंट कैमिकल्स सुरक्षित रहते हैं।

## बीन्स

सभी तरह की बीन्स, रेड, ब्लैक, किडनी, एंटिऑक्सीडेंट्स का समृद्ध स्रोत हैं। सोयाबीन्स में आईसोफ्लेवन्स होता है, जिसमें एंटि-एजिंग गुण होते हैं। ये कैंसर, बैड कोलेस्ट्रॉल और ऑस्टियोपोरोसिस की रोकथाम में सहायक होते हैं।

## नट्

नट्स में स्वास्थ्यवर्धक फैट होते हैं, जो इलास्टिन और कोलेजेन का लाभ देते हुए (त्वचा में पाए जाने वाले प्रोटीन) त्वचा की नमी बरकरार रखते हैं। एक मुट्ठी नट्स रोज लेने से आपको जरूरी एंटिऑक्सीडेंट्स मिल जाते हैं। कम मात्रा में लेने की सलाह दी जाती है, चूंकि नट्स में काफी कैलोरी होती है।

## रेसिपी

### ऑरेंज संदेश की मिठाई




**सामग्री**

- किसा हुआ ताजा पनीर: 2 कप
- ऑरेन्ज क्रश (संतरे का गूदा): 3/4 कप
- दूध: 2 टेबल-स्पून
- छिले हुए संतरे की फांक: 1/2 कप
- केसर: 5 धागे
- पिस्ता बारीक कटा हुआ: 1 चम्मच

**विधि**

पनीर, संतरे का गूदा और दूध को एक बाउल में मिलाकर तब तक मसलें, जब तक सारी सामग्री मिक्स होकर एक जैसी न हो जाए। मिश्रण की छोटी-छोटी गोलियां बनाएं और उसके ऊपर केसर के धागे एवं कटा हुआ पिस्ता डालकर सजाएं। सर्व करते समय इन्हें संतरे की फांक के साथ सजाकर पेश करें। आप चाहें तो इसे प्लेट में डालकर अच्छी तरह फैला लें। इसके ऊपर संतरे की फांक लगाकर सजाएं। कम से कम 3 से 4 घंटे के लिए इसे फ्रिज में जमने के लिए रखें। ठंडा परोसें।

### बाजरा खिचड़ी



**सामग्री**

- बाजरा : 1 कप
- गाजर (कटी हुई) : 1/2 कप
- बीन्स : 1/2 कप
- मटर : 1/2 कप
- हरी धुली मूंग दाल : 1/2 कप
- प्याज : 1/2 कप
- हल्दी : एक चौथाई टेबलस्पून
- नमक : 1 टेबलस्पून
- जीरा : 1 टेबलस्पून
- लाल मिर्च : 1 टेबलस्पून
- तेल : 1 टेबलस्पून

**विधि**

मूंग दाल धोकर आधे घंटे तक भिगोने के लिए रख दें। बाजरे को धोएं और उसे पानी में एक घंटे के लिए भिगोकर रख दें। प्रेशर कुकर लें और इसमें एक टेबलस्पून तेल डालें। इसके बाद एक टेबलस्पून जीरा डालें। कटी हुई प्याज डालकर धीमी आंच पर पकाएं। प्याज के हल्के भूरे होने पर इसमें गाजर डालें। अब कटे हुए बीन्स और मटर डालें। अच्छी तरह से मिक्स करें। हल्का पकने के बाद इसमें मूंग दाल के साथ उसका पानी भी डाल दें। अब प्रेशर कुकर में बाजरे के साथ उसका पानी भी डाल दें। इसमें थोड़ा और पानी डालकर इसे उबाल लें। अब 1 टेबलस्पून नमक, लाल मिर्च और हल्दी पाउडर डाले। खिचड़ी जैसा गाढ़ापन लाने के लिए इसमें थोड़ा और पानी डालें। अब प्रेशर कुकर का ढक्कन ढक दें। प्रेशर कुकर में तीन से चार सीटियां लगने दें। 10 मिनट के लिए ठंडा होने दें। दही के साथ गरमागरम खिचड़ी सर्व करें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-5-6-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान की कोशिश करेगा। शुभांक-4-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-1-3-5

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। शुभांक-2-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानीयां स्वत: ही दूर होती प्रतीत होगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करे। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शुभांक-3-7-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। शुभांक-5-6-8


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-6-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-4-6-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-3-5-8


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): जीवनसाथी अथवा दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-2-5-7

## काकुरो पहेली - 3329




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणत:**




**काकुरो - 3328 का हल**



## लॉफिंग ज़ोन

रमन (नरेश से)- तुम्हारी पत्नी रोजाना घर में इतनी? खिटपिट करती रहती है। तुम इतना तनावपूर्ण वातावरण को कैसे सह लेते हो?

नरेश (बड़े इत्मीनान से बोला)- दोस्त! ऑफिस एक ऐसा स्थान है, जहाँ आप घर के तनावों से मुक्ति पाकर विश्राम कर सकते हैं। और रोजाना मैं भी वही करता हूँ।

▯ ▯ ▯

रमन-चमन आपस मे बातें कर रहे थे।

रमन (चमन से)- मेरी पत्नी दूसरी मंजिल से गिर गई।

चमन- क्या वह मर गई?

रमन- नहीं यार, यह तो अच्छा हुआ कि वह बाल-बाल बच गई।

चमन- अरे यार, तुम केवल बालों का क्या करोगे।

▯ ▯ ▯


रमन (मित्र से)- 'यार तेरा हाथ कैसे फ्रैक्चर हो गया?'

चमन- 'कल मैं तेज मोटरसाइकल चलाकर घर आ रहा था, तभी सामने से एक ट्रक आ गया। मैंने ब्रेक मारा और...।'

रमन- 'उसने तुझे टक्कर मार दी।'

▯ ▯ ▯

## फिल्म वर्ग पहेली- 3329



**बायें से दायें:-**

१. 'बरसो रे मेघा' गीत वाली फिल्म-२
२. राजेशखन्ना, धर्मेन्द्र, वहीदा की फिल्म-३
४. 'नींद कभी रहती थी आँखों में' गीत वाली फिल्म-३
६. राज सोलंकी, हिना रहमान, पायल की फिल्म-२
७. 'कहना है जो दिल से कहो' गीत वाली फिल्म-४
९. संजीवकुमार, नूतन की फिल्म-२
११. 'हम और तुम तुम और' गीत वाली फिल्म-२
१२. अभिषेक, भूमिका की फिल्म-२
१४. 'कुछ लोग यहाँ पर ऐसे है' गीत वाली फिल्म-४
१५. मकरंद देशपांडे, शबाना, श्वेता की फिल्म-३
१६. 'जब आती होगी याद मेरी' गीत वाली फिल्म-२
१७. संजय कपूर, माधुरी की फिल्म-२
१९. 'ओ रूपनगर के सौदागर' गीत वाली फिल्म-२
२०. अनिल धवन, रेहाना की फिल्म-२,२
२२. 'पर्दे में रहने दो पर्दा ना' गीत वाली फिल्म-३
२४. सुनील दत्त, साधना की फिल्म-३
२५. 'दिल जंगली कबूतर' गीत वाली फिल्म-३
२६. अभिषेक, उदय, एशा की फिल्म-२
२७. 'शरमाए काहे घबराये' गीत वाली फिल्म-२
२९. आमिर, माधुरी दीक्षित की फिल्म-२
३०. 'लगन लागी मन की लगन' गीत वाली फिल्म-२
३१. फिल्म 'मनोरंजन' में नायिका कौन थी-३
३२. शाहरूख, प्रियंका चोपड़ा की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. ऋषि, अनिल, श्रीदेवी की फिल्म-४
२. 'नील गगन पे उड़ते बादल आ' गीत वाली फिल्म-४
३. फिल्म 'मि. बॉण्ड' में अक्षयकुमार के साथ नायिका कौन थी-२
४. जीतेंद्र, रीना राय, रामेश्वरी की 'धक धक से धड़कना' गीत वाली फिल्म-२
५. 'सपनों का शहर हो' गीत वाली अरशद वारसी, महिमा चौधरी की फिल्म-३
८. सुष्मिता की पहली फिल्म ?-३
१०. 'चूड़े वाली छमिया मिला नैन रे' गीत वाली सनी, जयाप्रदा की फिल्म-३
१३. विनोद खन्ना, बिन्दू की 'दिल करने लगा है प्यार तुम्हे' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'जीना तेरी बाहों' गीत वाली सुनील शेट्टी, इंद्रकुमार, नम्रता की फिल्म-३
१७. प्रदीपकुमार, नर्गिस की 'दिल की गिरह खोल दो' गीत वाली फिल्म-२,२,२
१८. 'नजर के सामने जिगर' गीत वाली राहुल राय, अनु अग्रवाल की फिल्म-३
१९. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'ढपली वाले ढपली बजा' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'गोरी जो मटके बालों' गीत वाली सुनील, रवीना, करिश्मा, सोनाली की फिल्म-३
२३. राजेंद्र कुमार, राखी की 'तुम मेरी हो मेरे सिवा किसी' गीत वाली फिल्म-२,२
२६. 'हर एक घर में दिया' गीत वाली संजय सूरी, रेवती, गुल पनाग की फिल्म-२
२८. सनी, सलमान, करिश्मा, तब्बू की 'अभी साँस लेने की' गीत वाली फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 3328**



## सूडोकु -3329

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु -3328 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |

## शब्द पहेली -3329




**बाएँ से दाएँ**

1.राजा का पुत्र-5
4.मन को हरने वाला-4
7.काल,समय,पीरियड-2
8.खोदना-3
9.मोटा आटा-2
10.पशु,मवेशी-4
11.जलापूर्ति का साधन-2
13.पुत्र,बेटा-3
14.क्षार,खारा-2
15.दर,मूल्य-3
17.नौका-2
19.नारायण-नारायण रटनेवाले देवर्षि-5
22.लालन-पालन-5
25.अच्छा,भला-2
26.पूर्ण करना-3
28.गोष्ठी,सम्मेलन-2
29.हुनरमंद-3
30.पिता का भाई -2
32.कुरुपता-4
34.इसाई साध्वी -2
36.टेंशन,परेशानी-3
37.खुजली -2
38.अशक्त,निर्बल-4
39.नगर में रहनेवाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.झगड़ा, बैर,द्वेष-2
2.सद्पुरुष,अच्छे कुल का-3
3.सार-संभाल-2,3
4.विचार करना-3
5.प्रत्येक-2
6.परंपरा,धर्मविधी-4
7.आवास, गरीबखाना-5
10.संपत्ति-4
12.भाग्यशाली (अंग्रेजी-2)
16.भालू-बंदर नचाने वाला-3
17.मां की मां-2
18.भय,खौफ-2
20.वेग,गति-3
21.मुंह,चेहरा-2
22.पैर,ओहदा-2
23.वर्धनशील,बढ़नेवाला-4
24.शकरगंजी,कंद-5
25.सभागार,सभाकक्ष-5
26.भयंकर,खतरनाक-4
27.मोड़-2
31.कायर,डरपोक-3
33.तीन घंटे का समय,प्रहर-3
35.भीगा हुआ-2
37.नौकरानी-2

**शब्द पहेली -3328 का हल**



# नवजात बच्ची को छोड़कर भागी महिला को पुलिस ने पकड़ा

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में बादशाह खान नागरिक अस्पताल में तीन दिन की दुधमुंही बच्ची को अस्पताल के बेड पर छोडक़र फरार होने वाली महिला तक पुलिस पहुंच गई है। पुलिस प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि बच्ची की मां व उसके पिता का पता लगा लिया है। महिला मूल रूप से बिहार के औरंगाबाद की रहने वाली सोनी है, जो अपने पति और दो बेटियों के साथ बल्लभगढ़ स्थित पीली कोठी के पास रह रही है। जानकारी के अनुसार सोनी 9 महीने की गर्भवती थी। उसे जब प्रसव पीड़ा हुई तो वह 29 सितंबर को बादशाह खान सिविल अस्पताल में भर्ती हुई।

इसी दिन शाम को उसने एक तीसरी बच्ची को जन्म दिया। बच्ची के जन्म देने के बाद अब उस पर तीन-तीन बेटियों के पालन पोषण बोझ आ गया। इसके चलते वह 31 सितंबर को अपनी नवजात बेटी को जच्चा बच्चा वार्ड में ही बेड पर छोड़ कर भाग गई। बाद में बच्ची को अस्पताल के स्पेशल चिल्ड्रन केयर वार्ड में भर्ती कराया गया। इसकी सूचना स्थानीय तीन नंबर पुलिस को दी। इसके बाद चौकी इंचार्ज सोमपाल जांच अधिकारी मनोज अपनी टीम के साथ महिला और उसके पति को खोजने में जुट गए। बता दें कि पुलिस के पास केवल महिला के भर्ती होते समय फाइल पर एक मोबाइल नंबर लिखा हुआ था। एड्रेस भी फाइल पर पूरा नहीं दिया हुआ था। फोन तो मिल रहा था, लेकिन उसे कोई उठा नहीं रहा था। बाद में फोन भी स्विच ऑफ हो गया। पुलिस अब महिला को बल्लभगढ़ से खोज निकाला। उसके साथ उसका पति भी था ओर उसकी दो बेटियां भी। पति संतोष और सोनी ने बताया कि उनके पास पहले ही दो बेटियां थी। उन्हें बेटा होने की इच्छा थी, लेकिन बेटी हो गई। तीन-तीन बेटियों को कैसे पालेंगे, इसी के डर से वह बेटी को अस्पताल में ही छोड़ कर फरार हो गए थे। अब उन्हें अपने किए पर पछतावा हो रहा है। जिस तरह उनकी दो बेटियां हैं वह अपनी तीसरी बेटी को भी ऐसे ही पाल लेंगे। फिलहाल जांच अधिकारी मनोज ने बच्ची व उसके माता-पिता को सीडब्ल्यूसी के सामने पेश किया। सीडब्ल्यूसी ने बच्ची को उसके माता-पिता के हवाले करने के निर्देश दिए। इसके बाद माता-पिता के बयान दर्ज कर उन्हें बेटी का सही से पालन करने की बात कह कर घर भेज दिया।




# फरीदाबाद में दो बसों में लगी भयंकर आग, कोई हताहत नहीं

## एसी चलाकर अंदर सो रहे थे ड्राइवर, जांच जारी

**मौके पर मौजूद मजदूर ने बताया कि रात करीब यह घटना तीन से चार के बीच में हुई है। यहां पर तीन बस खड़ी थी, लेकिन दो बसों में आग लगी, क्योंकि तीसरी बस को जल्दी-जल्दी हटा लिया गया था, नहीं तो उस में भी आग लग जाती।**





**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ के सेक्टर-2 में सोमवार तडक़ेतीन बजे दो बसों में आग लग गई। बस के अंदर ड्राइवर एसी चलाकर सो रहे थे। अचानक एक बस के एसी में शॉर्ट सर्किट हुआ और बस के निचले हिस्से में आग लगनी शुरू हो गई। जैसे ही बस के अंदर धुंआ पहुंचा, ड्राइवर बाहर निकल आए और देखा की बस के नीचे हिस्से में आग लगी हुई है। बस ड्राइवर द्वारा आग बुझाने की कोशिश की गई, लेकिन वह नाकामयाब रहे। वहीं कंस्ट्रक्शन साइड पर सो रहे मजदूरों को आग लगने की जानकारी हुई, तो देखा कि दो बसों में आग लगी है। मजदूरों ने तुरंत सूचना फायर ब्रिगेड को दी। 40 मिनट बाद फायर ब्रिगेड की गाडिय़ां मौके पर पहुंची, जब तक बस के आधे से ज्यादा हिस्सों में आग लग चुकी थी। फायर ब्रिगेड की दो गाडिय़ों ने करीब एक घंटे में दोनों बसों में लगी आग पर काबू पाया। मौके पर मौजूद मजदूर ने बताया कि रात करीब यह घटना तीन से चार के बीच में हुई है। यहां पर तीन बस खड़ी थी, लेकिन दो बसों में आग लगी, क्योंकि तीसरी बस को जल्दी-जल्दी हटा लिया गया था, नहीं तो उस में भी आग लग जाती। मजदूरों ने बताया कि आग एक ही बस में लगती, तो दूसरी बस भी बच जाती। लेकिन उसकी बस की चाबी नहीं मिली। इस वजह से उसमे भी आग लग गई। मजदूरों ने बताया कि सिर्फ बस में रखा ड्राइवर का सामान जल चुका है।

# हृदय की गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीज को एकॉर्ड अस्पताल में मिला नया जीवन

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर-86 स्थित एकॉर्ड अस्पताल के कार्डियोलॉजी टीम ने हृदय की गंभीर बीमारी (वाल्व से खून रिसाव) के मरीज का नई तकनीक मिट्राक्लिप से सफल उपचार किया है। इलाज के बाद मरीज अब पूरी तरफ स्वस्थ है। टीम का नेतृत्व कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट चेयरमैन डॉ. ऋषि गुप्ता ने किया। अस्पताल चेयरमैन एवं वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋषि गुप्ता ने बताया कि ग्रेटर फरीदाबाद निवासी 68 वर्षीय ने 25 साल पहले कोरोनरी आर्टरी बाईपास ग्राफ्ट (सीएबीजी) सर्जरी हुई थी। लेकिन छह माह से उसे बार-बार समस्या हो रही थी। जिसके चलते मरीज को बार-बार अस्पताल में भर्ती करना पड़ता था। पिछले दो महीनों में उन्हें 3-4 बार अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। उनके कमजोर हृदय के साथ-साथ गंभीर माइट्रल वाल्व रिगर्जिटेशन (वाल्व से खून का रिसाव) ने उनकी स्थिति को और चिंताजनक बना दिया था। दवाइयों से उपचार के बावजूद उनकी हालत में सुधार नहीं हो रहा था। उन्होंने कहा कि कमजोर हृदय के कारण ओपन-हार्ट सर्जरी भी उनके लिए संभव नहीं थी। इसलिए टीम ने विस्तृत जांच और इकोकार्डियोग्राम के बाद माइट्रल वाल्व रिगर्जिटेशन के लिए नवीनतम तकनीक मिट्राक्लिप प्रक्रिया से उपचार कराने की सलाह दी। परिवार की सहमति पर उपचार शुरू किया गया। बिना चीडफ़ाड़ के इस सफल प्रक्रिया को डॉ. ऋषि गुप्ता, डॉ. सिम्मी मनोचा तथा डॉ. उमेश कोहली की टीम ने अंजाम दिया। वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.सिम्मी मनोचा ने बताया कि मिट्राक्लिप एक अत्याधुनिक और गैर-सर्जिकल उपचार है, जो उन रोगियों के लिए सबसे उपयुक्त होता है, जो ओपन-हार्ट सर्जरी के लिए बहुत जोखिम में होते हैं। अस्पताल की विशेषज्ञ टीम द्वारा नवीनतम तकनीक का सफलतापूर्वक संचालन किया गया, जिससे रोगी के गंभीर माइट्रल वाल्व रिसाव को नियंत्रित किया जा सका। प्रक्रिया के बाद रोगी को कुछ दिनों तक (इंट्रावेनस) उपचार पर रखा गया और उसके बाद उसे संयोजन डिवाइस थेरेपी दी गई, जिससे उसका उपचार और भी बेहतर तरीके से हो सके। अस्पताल के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. उमेश कोहली ने बताया कि जान बचाने वाले गैर-सर्जिकल विकल्प मिट्राक्लिप और ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट (टीएवीआर) जैसी प्रक्रियाएं आज हृदय रोगों के उपचार में नए विकल्प प्रदान कर रही हैं। ये नवीनतम तकनीक हृदय उपचार जटिल और कमजोर रोगियों के लिए जीवनदायिनी साबित हो रही हैं, जिनके लिए पहले उपचार के विकल्प सीमित थे।



# देश पर अपना जीवन न्यौछावर करने वाले है प्रेरणा स्रोत : ओपी नरवाल

## पुलिस आयुक्त ने अमर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देकर किया नमन




**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** पुलिस लाईन सेक्टर-30 फरीदाबाद में सोमवार को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर शहीद हुए पुलिसकर्मियों की याद में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया।

इस मौके पर पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश नरवाल, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय अभिषेक जोरवाल, पुलिस उपायुक्त अपराध क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा, पुलिस उपायुक्त एनआईटी कुलदीप सिंह, पुलिस उपायुक्त सेंट्रल जसलीन कौर, पुलिस उपायुक्त बल्लबगढ़ अनिल कुमार, पुलिस उपायुक्त यातायात ऊषा सहित सभी एसीपी व अन्य पुलिसकर्मियों ने अमर जवान शहीद समारक, पुलिस लाईन सेक्टर 30 फरीदाबाद पर शहीदों को पुष्प श्रद्धा व सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी व परेड का आयोजन किया जाकर शहीदों को शोक सलामी दी गई।

इस दौरान फरीदाबाद पुलिस के शहीद हुए पुलिसकर्मियों के परिजनों को पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश नरवाल ने सहानुभुति देकर शहीद हुए पुलिसकर्मियों के उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया व फरीदाबाद पुलिस के शहीद सहायक उप निरीक्षक योगराज के बेटे राजेश मेहता वासी टाऊन नम्बर-3 फरीदाबाद व शहीद सिपाही सत्यवीर सिंह की पत्नी सुनीता वासी गांव जाजरु बल्लबगढ को स्मृति चिन्ह और शॉल भेंट किया गया तथा शहीदों के परिवारों की सुख-समृधि की कामना की।

पुलिस आयुक्त ने अमर शहीद जवानों का कोटि-कोटि धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने अपने प्राणों की परवाह किए बिना देश के लिए अपनी जान न्यौछावर कर दी, इसके लिए भारत वर्ष सदैव उनका आभारी रहेगा और उनकी शहादत पूरे देश के लिए प्रेरणा के स्रोत के रूप में कार्य करेगी जिससे नवयुवक देश सेवा के लिए आगे आएंगे और वतन को नई बुलंदियों तक ले जाने में अपना अहम योगदान देंगे। उल्लेखनीय है कि डयूटी के दौरान अपनी जान की शहादत देने वाले पुलिसकर्मियों की याद में प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को भारत वर्ष के सभी राज्यों में पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है।

# फरीदाबाद में मुक्केबाजी में अनीका ने जीता कांस्य पदक




**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के जिला महेंद्रगढ़ के ककराला में 17 से 20 अक्टूबर तक सीबीएसई की राष्ट्रीय मुक्केबाज़ी प्रतियोगिता में ग्रेटर फरीदाबाद के सेक्टर-88 स्थित एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा अनीका गुप्ता ने कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। अनीका ने अंडर-19 आयु वर्ग की 81 किलोग्राम से ज्यादा की ओपन वेट कैटेगरी में कास्य पदक कर विद्यालय व शहर को गौरवानवित किया। अनीका ने क्वार्टर फ़ाइनल में वेस्ट ज़ोन की विजया मीना को हराकर कांस्य पदक पर कब्ज़ा जमाया। इस प्रतियोगिता में तमिलनाडु, नागालैंड, मणिपुर, मध्यप्रदेश, राजस्थान, विशाखापट्टनम सहित पूरे देश के कई राज्यों और नेपाल, भूटान सहित कई बाहरी देशों के सीबीएसई विद्यालयों के चारों ज़ोन के चयनित खिलाडिय़ों ने हिस्सा लेकर अपना दमखम दिखाया।

विद्यालय के मुक्केबाज़ी कोच जितेंद्र कौशिक ने बताया कि अनीका ने इस प्रतियोगिता के लिए कड़ी मेहनत और भरपूर तैयारी की थी। अनीका को इतने बड़े स्तर पर हुई इस प्रतियोगिता में मिली यह सफलता उसके खेल के प्रति समर्पण और कड़ी मेहनत का परिणाम है। अनीका की इस शानदार सफलता पर विद्यालय के मैनेंजिग डायरेक्टर विनय गोयल, प्रधानाचार्या कृष्णा मिश्रा, मैनेजर तेजप्रकाश पांडे और सारे स्टाफ ने खुशी जाहिर करते हुए प्रशंसा की और बधाइयाँ दी हैं। साथ ही उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# डॉक्टर दिनेश गुप्ता 2025 के लिए बने आईएमए के प्रधान

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** डॉक्टर दिनेश गुप्ता आईएमए फरीदाबाद के वर्ष 2025 के लिए प्रधान चुने गए है। जबकि उपप्रधान के लिये डॉ कविता सिरोही और डॉ कामना बक्शी चुनी गई। मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ राजेश जेटली की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न हुई।

चुनाव नामांकन भरने की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर शाम पांच बजे तक थी। इसके बाद चुनाव नामांकन की स्क्रटिनी 17 अक्टूबर को हुई । जबकि नामांकन वापसी 19 अक्तूबर शाम 5 बजे तक थी। मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ राजेश जेटली ने चुनाव की सभी प्रक्रिया विधि विधान से सम्पन्न करवाई। नामांकन वापसी की 19 अक्तूबर शाम 5 बजे की समय सीमा के बाद चुनाव परिणाम घोषित कर दिए गए। उनकी इस नियुक्ति पर बल्लभगढ़ के विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री हरियाणा सरकार पंडित मूलचंद शर्मा ने उन्हें बधाई दी है। डॉ दिनेश गुप्ता के प्रेसिडेंट चुने जाने पर प्रदेश आईएमए के पास्ट प्रेसिडेंट डॉ सतीश चुग ,डॉ एस एल वर्मा ,डॉ नरेश जिंदल , डॉ अनिल गोयल , डॉ डी एस जसपाल ,डॉ राज सरदाना ,डॉ एपी सेतिया , डॉ अनिल मालिक के साथ ही प्रदेश के सीनियर आईएमए लीडर्स डॉ संदीप कालरा , डॉ अरुण गुप्ता, डॉ नीरज गुप्ता, डॉ रजनीश गुप्ता, डॉ सुभाष गोयल, डॉ शैलेश तोमर, डॉ आरपी गुप्ता, डॉ एसएस सिंघल सहित कई डॉटर्स ने बधाई दी है। फरीदाबाद बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान सतेंदर भड़ाना ने आईएमए फरीदाबाद की नई टीम को बधाई दी है और उज्जवल भविष्य की कामना की है। अग्रवाल विधा प्रचारिणी सभा बल्लबगढ़ के चेयरमैन देवेन्द्र गुप्ता व अग्रवाल पबलिक स्कूल के सैक्ट्ररी दिनेश गुप्ता एडवोकेट ने भी डा0 दिनेश गुप्ता को उनकी जीत पर बधाई दी। डा0 दिनेश गुप्ता ने बताया की हमारी संस्था आईएमए फरीदाबाद समाज मे स्वास्थ सम्बंधित कैम्पों का आयोजन करता रहेगा। एवं शासन और प्रशासन के साथ भी कंधे से कंधा मिलकर काम करेंगे। डॉ दिनेश गुप्ता ने बताया कि वह आईएमए कार्यो को आगे बढ़ाएंगे और एसोसिएशन के लिए तन मन से काम करेंगे। खासकर आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने पर पूरा ध्यान देंगे।

डॉक्टर दिनेश गुप्ता बल्लभगढ़ में अपनी पत्नी डॉक्टर दीपा गुप्ता के साथ नर्सिंग होम चलाते हैं। वह पिछले काफी समय से लोगों की सेवा करते आ रहे हैं। 2025 आईएमए फरीदाबाद के सेलेक्ट हुए नए पदाधिकारियों को शहर के प्रमुख डॉक्टर्स में पूर्व प्रधान डॉ आरएन रस्तोगी, डॉ एके कुंडू , डॉ अश्वनी बक्शी, डॉ सुरेंदर दत्ता, डॉ एस डी पराशर, डॉ प्रताप कँवर, डॉ अश्वनी वधावन, डॉ योगेश गुप्ता, डॉ अनिल डुडेजा, डॉ बीरेंदर सिंह, डॉ आर ए गोयल, डॉ अन्नू गुलयानी, डॉ दीपा गुप्ता, डॉ रीटा डुडेजा, डॉ रेनू वधावन, डॉ अर्चना गोयल, डॉ राजीव सक्सेना , डॉ जेपी गुप्ता, डॉ सौरभ, डॉ शिव शर्मा आदि डॉक्टर्स ने नै टीम को बधाई दी है। इसके साथ ही शहर के कई नामी गरमी बड़े हॉसपिटल के संचालकों ने नई टीम को बधाई दी है।



## संपादकीय

# भ्रष्टाचार और कांग्रेस: रस्सी जल गई लेकिन बल नहीं गए!




**नरवीर यादव**
**कार्यकारी संपादक**

कांग्रेस ने भ्रष्टाचार के कारण देशभर में हुई बदनामी से सत्ता गंवाने के बावजूद सबक नहीं सीखा है। कांग्रेस के केंद्र और ज्यादातर राज्यों से सत्ता बाहर होने का एक प्रमुख कारण भ्रष्टाचार रहा है। इसके बावजूद कांग्रेस के नेता भ्रष्टाचार से दामन नहीं छुड़ा पाएं हैं। कर्नाटक कांग्रेस की सरकार के जमीनों में बंदरबांट इसका नया उदाहरण है। इसके चलते मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष मारी गौड़ा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उल्लेखनीय है कि उनका इस्तीफा ऐसे समय में आया है जब कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उनकी पत्नी बीएन पार्वती और उनके परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ चल रहे भूमि घोटाले की जांच राज्य और केंद्रीय एजेंसियों द्वारा की जा रही है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर लोकायुक्त और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच की जा रही है। सिद्धारमैया और उनकी पत्नी बीएन पार्वती पर मैसूरु के विजयनगर क्षेत्र में 14 प्लॉट आवंटित किए गए प्लॉट को लेकर सवाल उठे थे। सिद्धारमैया की पत्नी ने प्लॉट लौटाने की पेशकश की थी। जिसे वापस लेने पर प्राधिकरण ने सहमति जताई। मुख्यमंत्री के जमीन आंवटन में हेराफेरी की जांच के बीच मल्लिकार्जुन खडगे़ ने कर्नाटक द्वारा आवंटित जमीन लौटा दी। यह विवाद मार्च 2024 में शुरू हुआ, जब कर्नाटक कांग्रेस सरकार ने राहुल खडगे़ की अध्यक्षता वाले सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट को ज़मीन दी। विचाराधीन भूमि मल्लिकार्जुन खडगे़ के बेटे राहुल एम खडगे़ को कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड (केआईएडीबी) द्वारा बगलूर में हाई-टेक डिफेंस एंड एयरोस्पेस पार्क के हार्डवेयर क्षेत्र में आवंटित की गई थी। कांग्रेस का शायद ही ऐसा कोई वरिष्ठ नेता होगा जिस पर भ्रष्टाचार के आरोप और मामले दर्ज नहीं किए गए हैं। पार्टी में कनिष्ठ से लेकर शीर्ष तक के नेताओं के खिलाफ गंभीर मामले चल रहे हैं। यहां तक कि पार्टी चलाने वालीं पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी और उनके बेटे राहुल गांधी भी जमानत पर चल रहे हैं।

भ्रष्टाचार के मामलों को देखें तो दिल्ली से लेकर हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और गुजरात से लेकर महाराष्ट्र तक के बड़े कांग्रेस नेता सीबीआई, इनकम टैक्स और ईडी जैसी एजेंसियों के निशाने पर हैं। हालांकि कांग्रेस अपने नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से इनकार करती रही है। पार्टी का कहना है कि बीजेपी की मोदी सरकार राजनीतिक बदले की भावना से कार्रवाई कर रही है। करोड़ों की एंबुलेंस खरीद में पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम के पुत्र कार्ति चिदम्बरम, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ए.ए खान, श्वेता मंगल, शफी माथेर और निदेशक एन आर एच एम के विरूद्ध 2013 तक एनआरएचएम के तहत एंबुलेंस खरीदने में हुई धांधली का मामला दर्ज किया गया था। एंबुलेंस खरीदने के लिए जो टेंडर जारी किया गया, उसमें गड़बड़ी की गई थी। इस मामले में 31 जुलाई 2014 को जयपुर के अशोक नगर थाना पुलिस ने जयपुर नगर निगम के पूर्व मेयर पंकज जोशी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। कर्नाटक में कांग्रेस के दिग्गज नेता डीके शिवकुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति दर्ज करने का मामला चल रहा है। 2017 में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने डीके शिवकुमार के 64 ठिकानों पर जबर्दस्त छापेमारी की थी। टैक्स चोरी की शिकायतों पर यह कार्रवाई हुई थी। उस दौरान डीके शिवकुमार व अन्य कांग्रेस नेताओं ने राजनीतिक बदले की भावना से कार्रवाई करने का आरोप लगाया था। इसी तरह वीरभद्र सिंह हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता वीरभद्र सिंह के खिलाफ भी केंद्रीय एजेंसियों ने जांच की। सितंबर 2015 में उनकी बेटी की शादी के दिन सीबीआई ने छापेमारी कर खलबली मचा दी थी।

कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी के राजनीतिक सचिव अहमद पटेल पर इतालवी चॉपर कंपनी अगस्ता वेस्टलैंड से कमीशन लेने के आरोपों की सीबीआई आदि केंद्रीय एजेंसियां जांच कर रही हैं। इस मामले में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ के भांजे रतुल पुरी भी फंसे हैं। यह मामला अगस्ता वेस्टलैंड कंपनी से 36 अरब रुपए के 12 वीआईपी हेलिकॉप्टर ख़रीदने थे से जुड़ा है। आरोप है कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया इस वीआईपी चॉपर खरीद के पीछे अहम भूमिका निभा रही थीं। बीजेपी के राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने इस मामले को पिछली मोदी सरकार में उठाया था, जिसके बाद घमासान मचा था।

नेशनल हेराल्ड केस-2011 में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, उनके बेटे राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेता फंसे हैं। आरोप है कि कांग्रेस के पैसे से 1938 में एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड नाम की कंपनी खड़ी की गई, जो नेशनल हेराल्ड, नवजीवन और क़ौमी आवाज़ नामक तीन अखबारों का संचालन करती थी। एक अप्रैल 2008 को सभी अखबार बंद हो गए. इसके बाद कांग्रेस ने 26 फरवरी 2011 को इसकी 90 करोड़ रुपये की देनदारियों को अपने जिम्मे ले लिया था। मतलब पार्टी ने इसे 90 करोड़ का लोन दे दिया। इसके बाद 5 लाख रुपये से यंग इंडियन कंपनी बनाई गई, जिसमें सोनिया और राहुल की 38-38 फीसदी हिस्सेदारी है। बाद में घालमेल कर यंग इंडियन के कब्जे में एजेएल कंपनी को कर दिया गया। इसके बाद कांग्रेस पार्टी ने 90 करोड़ का लोन भी माफ कर दिया। यानी यंग इंडियन को एक प्रकार से मुफ्त में एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड नाम की कंपनी का मालिकाना हक मिल गया। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा पर लंदन में 12, ब्रायनस्टन स्क्वायर में एक संपत्ति की खरीद में मनी लॉनड्रिंग का आरोप है, जिसकी अनुमानित कीमत 1.9 मिलियन पाउंड (17 करोड़ से अधिक) है। इस मामले की जांच मनी लॉनड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की जा रही है। इसके अलावा हरियाणा में हुड्डा की कांग्रेस सरकार के दौरान वाड्रा-डीएलएफ लैंड डील का बड़ा घोटाला उजागर हुआ था।

रॉबर्ट वाड्रा की कंपनी स्काईलाइट हॉसपिटैलिटी ने गुडग़ांव के मानेसर-शिकोहपुर में ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज से 7.5 करोड़ रुपये में करीब 3.5 एकड़ जमीन खरीदी थी। हुड्डा सरकार ने वाड्रा की कंपनी स्काईलाइट हॉसपिटैलिटी को इस जमीन पर आवासीय परियोजना विकसित करने की स्वीकृति दी थी। मुश्किल से चार महीने में 700 प्रतिशत से ज्यादा का मुनाफा वाड्रा की कंपनी को होता है, वहीं 2012 में हुड्डा सरकार कॉलोनी बनाने वाले लाइसेंस को डीएलएफ को ट्रांसफर कर दिया। कांग्रेस पर भ्रष्टाचार के आरोपों की फेहरिस्त काफी लंबी है। आश्चर्य की बात यह है कि लोकसभा और राज्यों के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने कभी भी भ्रष्टाचार को जड़ से उखाडने.का वादा नहीं किया। यही वजह रही कि कांग्रेस इस मुद्दे पर भाजपा के निशाने पर रही है। प्रधानमंत्री मोदी भी कई भाषणों में कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के जमानत पर बाहर होने पर चुटकी भी लेते रहे हैं। संसद के बीते बजट सत्र के दौरान जब कांग्रेस नेता अधीर रंजन ने कहा था कि भ्रष्टाचार के मामले हैं तो गिरफ्तार क्यों नहीं करते, तब पीएम मोदी ने हंसते हुए कहा था- जमानत पर हैं तो एन्जॉय करिए। कांग्रेस को भाजपा नेताओं के ऐसे तीखे व्यंग्य बाणों का निशाना झेलना पड़ा है। इसके बावजूद कांग्रेस ने कभी भी अपनी छवि सुधारने के लिए कोई कठोर कदम उठाए नहीं। यह निश्चित है कि जब तक कांग्रेस भ्रष्टाचार के मामलों में कठोरता की नीति नहीं अपनाएगी तब तक देश पर राज करने का उसका ख्वाब पूरा नहीं होगा।

# नूंह जिला पुलिस लाइन में स्मृति दिवस मनाया



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूंह की जिला पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में स्मृति दिवस मनाया गया। पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप सिंह ने कहा कि पुलिस प्रणाली भारत की एक रक्षा प्रणाली है जो की देश की हर क्षेत्र एवं राज्य स्तर पर रक्षा करती है। किसी भी देश के लिए पुलिस एक अहम् ताकत है पुलिस भारत के हर क्षेत्र के लोगो की दिन रात एक करके रक्षा करती है। इस दिन भारत के उन वीर शहीद पुलिस कर्मियों को श्रृधांजली दी जाती है जिन्होंने देश-प्रदेश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस स्मृति दिवस प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को मनाया जाता है। पुलिस स्मरण दिवस के महत्व के बारे में सीआरपीएफ की बहादुरी का एक किस्सा है।

गौरतलब है कि आज से 65 वर्ष पहले 21 अक्टूबर 1959 में लद्दाख में तीसरी बटालियन की एक कम्पनी को भारत - तिब्बत सीमा की सुरक्षा के लिए लद्दाख में हाट-स्प्रिंग में तैनात किया गया था। कम्पनी को टुकडय़िों में बांटकर चौकसी करने को कहा गया। जब बल के 21 जवानों का गश्ती दल हाट- स्प्रिंग में गश्त कर रहा था। तभी चीनी फौज के एक बहुत बड़े दस्ते ने इस गश्ती टुकड़ी पर घात लगाकर आक्रमण कर दिया। तब बल के मात्र 21 जवानों ने चीनी आक्रमणकारियों का डटकर मुकाबला किया। मातृभूमि की रक्षा के लिए लड़ते हुए 10 शूरवीर जवानों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया। जिनका अन्तिम संस्कार हाट-स्प्रिंग में पूरे पुलिस सम्मान के साथ हुआ।

जनवरी 1960 मे राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशो के पुलिस महानिरीक्षको का वार्षिक सम्मेलन हुआ। उस सम्मेलन मे लद्दाख मे शहीद हुए उन वीर पुलिस कर्मियो को सम्मानित करने के लिए हर साल 21 अक्टूबर को स्मृति दिवस मनाने का फैसला लिया गया। यह हमारे पुलिस बल के लिए व हम सबके लिए गौरव की बात है कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के इन बहादुर जवानों के बलिदान को देश के सभी केन्द्रीय पुलिस संगठनों व सभी राज्यों की सिविल पुलिस द्वारा पुलिस स्मरण दिवस के रूप में मनाया जाता है। इन वीरों का बलिदान भारतीय पुलिस के कार्यों की उच्चतम परम्पराओं का प्रतीक है तथा कर्तव्यनिष्ठा का अनुपम आदर्श प्रस्तुत करता है।

# होडल के हसनपुर में बीजेपी कार्यकर्ता ने बीजेपी विधायक का किया स्वागत



**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** हरियाणा मैं जब से पूर्ण बहुमत से बीजेपी की सरकार बनी है बीजेपी के कार्यकर्ताओं व समर्थकों में भारी उत्शाह देखने को मिल रहा है जीते हुए विधायकों का जगह जगह जोरदार स्वागत किया जा रहा है इसी के चलते आज होडल विधानसभा के हसनपुर मंडल के कार्यकर्ताओं का धन्यवाद समारोह इंटरनेशनल स्कूल हसनपुर में हुआ जिसमें मुख्य अतिथि होडल विधानसभा के विधायक हरेंद्र जी मौजूद रहे जिसमें उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया और उन्होंने कहा कि मेरे लिए सबसे पहले कार्यकर्ता सर्वोपरी है और होडल विधानसभा की आम जनता है ना कि वोट के ठेकदार है जो बीच में मुझे छोड़कर चले गए थे मै 24 घंटे होडल विधानसभा की जनता के लिए हमेशा खड़ा रहूंगा कभी भी कोई मेरे दरवाजे पर आ सकता है जिसमें जिले के प्रधान चौधरी चरण सिंह तेवतिया, तीनों मंडल अध्यक्ष, पूर्व जिला अध्यक्ष जवाहर सिंह, भूपराम पाठक, तैयब हुसैन, सुरेश गोयल, करतार बेसला, मनोज सोरोत मौजूद रहे।

# बाल दिवस प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित



**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** जैसा कि विदित है हरियाणा प्रदेश सरकार द्वारा गत सप्ताह में बाल दिवस प्रतियोगिताओं का जिला स्तर पर आयोजन चला जिसमें बी वी एन स्कूल के लगभग 20 बच्चों ने विजेता श्रेणी में अपना स्थान बनाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ललित शर्मा ने बताया कि बाल दिवस सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं को जिला स्तर पर बहुत ही बेहतरीन ढंग से आयोजित किया गया।

इन प्रतियोगिताओं में हमारे विद्यालय से अंजलि और डिंपी ने क्विज कंप्टीशन में व घनश्याम ने ड्रामेबाज प्रतियोगिता में जिले में प्रथम स्थान हासिल करके स्कूल तथा अपने मां-बाप का नाम रोशन किया है। इसके अलावा हमारे विद्यार्थियों ने समूह गान में 12 विद्यार्थियों ने द्वितीय स्थान, भाषण प्रतियोगिता में स्वीटी, लेखनी प्रतियोगिता में प्राची शर्मा और पोस्टर मेकिंग में नैंसी तथा खुशी ने तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय ने सभी विजेता विद्यार्थियों को शील्ड देकर सम्मानित किया। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर राधेश्याम शर्मा ने बताया कि विद्यालय विद्यार्थियों के चहूमुखी विकास को लेकर लगातार काम कर रहा है यही कारण है कि हमारे लगभग 20 विद्यार्थी इन सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में विजयी रहे। इससे पूर्व में भी जिला स्तर पर हुई खेल प्रतियोगिताओं में लगभग 30 विद्यार्थी व हर वर्ष गीता महोत्सव में भी कई विद्यार्थी विजेता श्रेणी में रहते आ रहे हैं। यह इन सभी विद्यार्थियों, इन्हें सिखाने वाले सभी शिक्षकों तथा परिजनों के अथक प्रयासों से ही संभव हो पाया है। मैं इन सभी विजेता विद्यार्थियों को, उनके शिक्षकों को तथा परिजनों को इसके लिए शुभकामना देना चाहूंगा और विश्वास दिलाता हूं कि भविष्य में भी ऐसी प्रतियोगिताओं में विद्यालय बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता रहेगा।

# कार ने बाईक को पीछे से टक्कर मारने पर दंपति घायल

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना-महेंद्रगढ सडक मार्ग पर अटेली मोड के समीप घटित सडक हादसे में दंपति घायल हो गया। इस बारे में करीरा निवासी सुभाष चंद ने कनीना शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 19 अक्टूबर को साढे दस बजे अपनी पत्नी बाला देवी के साथ बाईक पर सवार होकर महेंद्रगढ जा रहा था। अटेली मोड के समीप पंहुचे तो पीछे से तेज गति से आ रही कार ने उनकी बाईक को टक्कर मार दी। टक्क्र इतनी तेज थी बाईक उनके नीचे से निकल गई ओर वे दोनों राडे पर जा गिरे ओर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के दुकानदारों ने घायलों को उप नागरिक अस्पताल कनीना में दाखिल कराया जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार कर उन्हें हायर सैंटर रैफर कर दिया। परिजनों ने उन्हें रेवाडी के निजी अस्पताल में दाखिल कराया। जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। पुलिस ने घायल दंपति की शिकायत पर हादसे के आरोपी कार चालक के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# कनीना मंडी में सोमवार को हुई 10205 क्विंटल बाजरे की खरीद

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना-अटेली मार्ग स्थित नयी आनाज मंडी चेलावास में सोमवार को 355 किसानों का 10205 क्विंटल बाजरे की ,खरीद की गई। शनिवार को 445 किसानों का 11232 क्विंटल बाजरे की खरीद की गई थी। खरीद एजेंसी हैफेड के खरीद अधिकारी रिषी शर्मा व मार्केट कमेटी के सचिव विजय सिंह ने बताया कि 127080 क्विंटल बाजरे का उठान किया गया है। उन्होंने बताया कि मंडी में आने वाले किसानों के लिए सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य 2625 रूपये प्रति क्विंटल के हिसाब से बाजरे की खरीद की जा रही है। उन्होंने बताया कि मंडी में अब तक 231298 क्विंटल बाजरे की खरीद की जा चुकी है। किसान ई-खरीद पोर्टल से गेट पास लेकर मंडी में पंहुच रहे हैं। खेत खाली होने पर किसानों द्वारा सरसों की बिजाई शुरू कर दी गई है। इस मौके पर राधेश्याम शर्मा, मनीष गुप्ता, भरपूर सिंह, अशोक कुमार,संदीप, बंटी, आदेश कुमार, सतीश कुमार, नरेश कुमार, टिंकू, धर्मदत्त उपसथित थे।

# विधानसभा चुनाव में भाजपा को विजय मिलने पर कनीना में किया सम्मान समारोह का आयोजन

### -केंद्रीय शहरी विकास मंत्री 'खट्टर' के मीडिया एडवाईजर को मिया सम्मानित



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना के एक समारोह स्थल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के लोगों ने केंद्रीय शहरी विकास व ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर के मीडिया एडवाईजर सुदेश कटारिया को सम्मानित किया। इस समारोह की अध्यक्षता जिला प्रमुख डॉ राकेश कुमार ने की। उन्होंने कहा कि चुनाव में पूरे अहीरवाल क्षेत्र ने खुले मन से भाजपा को समर्थन दिया है तथा भारी बहुमत से सरकार बनाने में अपना योगदान दिया है। सुदेश कटारिया ने कहा की हरियाणा में हाल ही में सम्पन्न हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे भाजपा के पक्ष में रहे हैं। इसके पीछे मनोहर लाल खट्टर की दूरदर्शी सोच रही है। अंबेडकर जन जागरण समिति के समिति के संयोजक रमन शास्त्री ने कहा कि भाजपा सरकार पिछले साढ़े नो वर्ष के कार्यकाल में आमजन को सरकारी सुविधाएं पहुंचाने का काम किया तथा प्रदेश की जनता ने भाजपा की नीतियों में आस्था व्यक्त करते हुए खर्ची-पर्ची वालों को बाहर का रास्ता दिखाया। विस चुनाव में विजय मिलने के बाद दूसरी बार मुख्यमंत्री बने नायब सिंह सैनी ने मुख्यमंत्री की शपथ लेने से पहले प्रदेश के 24000 युवाओं को मेरिट के आधार पर नौकरी देकर दिवाली का तोहफा दिया है। अध्यक्ष अशोक कुमार ने कटारिया को पगड़ी पहना कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर राजकुमार भोजावास, अमरजीत भडफ, धर्मवीर कोटिया, हनुमान सिंह, कर्मवीर सिंहए सुरेश झाड़ली, पवन कुमार, अजय करीरा, कुलदीप उच्चत, सुरेश झाडली सहित प्रबुधजन उपसथित थे।

# प्रदेश की जनता को भ्रष्टाचार व अपराध मुक्त वातावरण देना सरकार की प्राथमिकता : कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी

- **आमजन के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करें अधिकारी**
- **पेयजल व सीवर व्यवस्था का होगा स्थायी समाधान**
- **विकास व मूलभूत सुविधाओं बारे विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश**
- **सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन करें सुनिश्चित**
- **दिवंगत चौ. बंसीलाल के विकास के सपने को किया जाएगा पूरा**



**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी।** हरियाणा की महिला एवं बाल विकास तथा सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा है कि प्रशासनिक अधिकारी सरकार की टीम का महत्वपूर्ण अंग है और हम सबको मिलकर प्रदेश की जनता को भ्रष्टाचार व अपराध मुक्त वातावरण उपलब्ध करवाना है। श्रुति चौधरी आज लघु सचिवालय के डीआरडीए हाल में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की सख्त हिदायत है कि भ्रष्टाचार व अपराध को कतई सहन नहीं किया जाएगा। इस मामले में राज्य सरकार ने जीरो टॉलरेंस की नीति को अपनाया है और अधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे सरकार की नीतियों के अनुरूप कार्य करेंगे।

श्रुति चौधरी ने कहा कि अधिकारी उनके कार्यालय में आने वाले आमजन के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करें और समस्याओं का समाधान करना सुनिश्चित करें। पेयजल व सीवर व्यवस्था पर विशेष फोकस करते हुए कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि इन दोनों समस्याओं का स्थाई समाधान करना होगा। उन्होंने कहा कि आमजन को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने और विकास के मामले में फंड की कमी नहीं रहने दी जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे संबंधित क्षेत्र का दौरा करके सीवर व पेयजल से संबंधित समस्याओं वाले प्वाइंट्स को चिनहित करें और जल्द से जल्द उनका समाधान करें। उन्होंने कहा कि पेयजल व सीवर व्यवस्था के मामले में कोई भी ढील नहीं रहनी चाहिए। श्रुति चौधरी ने सडक़ों व ठोस कचरा प्रबंधन के बारे में संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी और आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए।

उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि विकास कार्यों व मूलभूत सुविधाओं को लेकर एक डिटेल रिपोर्ट तैयार करके अतिशीघ्र उन पर काम शुरू किया जाए। कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली केंद्र व राज्य सरकारों ने समाज के हर वर्ग के लोगों के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इन योजनाओं का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ करना होगा ताकि पात्र लोगों व परिवारों को लाभ सुनिश्चित किया जा सके।

कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने बैठक के दौरान मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि वह अपने दादा एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत चौधरी बंसीलाल के विकास के सपने को साकार करने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि भिवानी जिला में चौधरी बंसीलाल द्वारा शुरू की गई लिसर्टिंग सिंचाई व्यवस्था का सुदृढीकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सिंचाई के पानी का बराबर बंटवारा होगा ताकि हर क्षेत्र के किसानों को पानी मिल सके। पानी संरक्षण पर विशेष बल देते हुए उन्होंने कहा की हर स्तर पर पानी का सदुपयोग होना चाहिए। उन्होंने भी कहा कि जिन क्षेत्रों में वॉटर लॉगिंग की समस्या है और जहां पर भूमिगत पानी काफी नीचे हैं, इन दोनों का भी समाधान किया जाएगा। उन्होंने किसानों से पराली ने जलाने की अपील करते हुए कहा कि पराली प्रबंधन में सरकार की योजना का लाभ उठाएं। मंत्री मंडल में भिवानी जिला को स्थान देने पर उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी व पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

उपायुक्त महावीर कौशिक ने पुष्पगुछ भेंट करके कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी का स्वागत किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि प्रशासनिक अधिकारी उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करेंगे और बैठक में जो दिशा निर्देश दिए गए हैं उनकी अनुपालना सुनिश्चित की जाएगी।

बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया, अतिरिक्त उपायुक्त हर्षित कुमार, भिवानी के एसडीएम महेश कुमार, तोशाम के एसडीएम अशवीर नैन, एसडीएम लोहारू मनोज दलाल, सिवानी एसडीएम वीरेंद्र सिंह, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजय चौपड़ा, दक्षिण हरियाणा बिजली विद्युत निगम के एसई बिजेन्द्र सिंह, डीआरओ सुरेश, भाजपा के जिलाध्यक्ष मुकेश गौड़, पूर्व चेयरमैन शीशराम, परमजीत मड्डू, कृष्ण लेघा, हरी सिंह सांगवान, अमर सिंह, राम प्रताप शर्मा, सुनील सिंघानी, विजय खोरडा, मनजीत रावलधी, हर्षवर्धन मान, प्रदीप गोलागढ़ सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।



# मेहंदी से बाल हो गए हैं ड्राई तो आप भी ट्राई कर सकती हैं ये होममेड हेयर मास्क

**आमतौर पर लोग सफेद बालों को कलर करने के लिए मेहंदी का इस्तेमाल करते हैं। मेहंदी के इस्तेमाल से बालों को अच्छा कलर तो मिल जाता है और कुछ दिनों के लिए बालों के सफेद दिखने की समस्या भी कम हो जाती है। लेकिन कई बार मेहंदी लगाने के बाद बाल ड्राई होने लगते हैं और ड्राई बाल मुख्य रूप से हेयर फॉल का कारण भी बनते हैं। अक्सर मेहंदी अप्लाई करते समय हम कुछ गलतियां करते हैं जिसकी वजह से बाल ज्यादा ड्राई हो जाते हैं। जैसे मेहंदी से पहले बालों में तेल न लगाना और रूखे बालों में ही मेहंदी लगाना।**

जब हम रूखे बालों में ही मेहंदी का इस्तेमाल करने लगते हैं तो मेहंदी लगाने के बाद बाल और ज्यादा रूखे और बेजान हो जाते हैं। अगर आपके बाल भी मेहंदी के बाद ज्यादा ड्राई हो जाते हैं तो आप इनकी ड्राइनेस कम करने के लिए बालों में कुछ होममेड हेयर मास्क अप्लाई कर सकती हैं। ये हेयर मास्क वैसे तो पूरे तरह से प्राकृतिक हैं और इनका बालों में कोई भी साइड इफेक्ट नहीं है लेकिन बालों में ये हेयर मास्क अप्लाई करने से पहले आप विशेषज्ञ की सलाह जरूर लें क्योंकि सभी के बालों का प्रकार अलग होता है और किसी भी सामग्री का असर आपके बालों पर अलग तरीके से हो सकता है।

## बालों में मेहंदी लगाने के बाद इन बातों का रखें ध्यान

यदि आप बालों में मेहंदी अप्लाई करती हैं तो आपको सबसे ज्यादा ध्यान में रखने वाली बात ये है कि मेहंदी लगाने से पहले किसी भी ऑयल जैसे जैतून या नारियल के तेल का इस्तेमाल करें। मेहंदी बालों से हटाने के तुरंत बाद शैम्पू न करें बल्कि कम से कम 12 घंटे बाद ही बालों को शैम्पू करें। शैम्पू के बाद आप कंडीशनर का इस्तेमाल जरूर करें, क्योंकि मेहंदी बालों को ड्राई कर सकती है।

## बालों में मेहंदी के बाद होममेड हेयर मास्क क्यों जरूरी है

यदि आप मेहंदी से ड्राई हो चुके बालों में होममेड हेयर मास्क अप्लाई करती हैं तो ये 20 मिनट से भी कम समय में आपके बालों को ढेर सारे लाभ प्रदान करने में मदद करता है। हेयर मास्क आपके बालों को मुलायम और हाइड्रेटिंग बनाने के साथ बालों की ग्रोथ को बढ़ावा देने, बालों में चमक जोड़ने और यहां तक कि बालों के झड़ने को कम करने में भी मदद करते हैं। आइए जानें मेहंदी का बालों में इस्तेमाल करने के बाद आप कौन से हेयर मास्क का इस्तेमाल अपने बालों में कर सकते हैं।



### ब्राउन शुगर और ऑलिव ऑयल हेयर मास्क

ब्राउन शुगर बालों के लिए एक बेहतरीन एक्सफोलिएंट है जो आपके स्कैल्प से उन मृत त्वचा कोशिकाओं और किसी भी बचे हुए अवशेष के निर्माण से छुटकारा पाने में मदद करता है। वहीं जैतून का तेल हमेशा सूखे बालों के इलाज के लिए प्राकृतिक कंडीशनर के रूप में उपयोग किया जाता है। यह बालों को नमी प्रदान करके बालों की ड्राइनेस को कम करने में मदद करता है।

#### आवश्यक सामग्री

शुगर - 2 बड़े चम्मच
जैतून का तेल- 1 बड़ा चम्मच

#### हेयर मास्क बनाने और इस्तेमाल का तरीका

- एक बाउल में चीनी और तेल को एक साथ मिलाकर हेयर मास्क तैयार करें।
- इस हेयर मास्क को अपने बालों में ऊपर से नीचे तक लगाएं।
- हेयर मास्क को अपने बालों पर 15-20 मिनट के लिए लगा रहने दें।
- बालों को शॉवर कैप से ढककर रखें।
- 15 -20 मिनट के बाद बालों को अच्छी तरह से शैम्पू करें और शैम्पू के बाद बालों में कंडीशनर का इस्तेमाल जरूर करें।

### नारियल तेल का हेयर मास्क

नारियल तेल बालों की ड्राईनेस को कम करने में मदद करता है और मेहंदी से ड्राई हो चुके बालों को भी शाइन प्रदान करने में मदद करता है।

#### आवश्यक सामग्री

शहद - 1 बड़ा चम्मच
नारियल तेल - 1 बड़ा चम्मच

#### बनाने और इस्तेमाल का तरीका

- एक कटोरी में 1 बड़ा चम्मच नारियल का तेल और 1 बड़ा चम्मच शहद डालकर आपस में अच्छी तरह से मिलाएं।
- मिश्रण को एक बर्तन में निकाल लें और इसे गर्म करें ताकि शहद और नारियल का तेल एक दूसरे में अच्छी तरह से मिक्स हो जाए।
- मिश्रण को वापस बाउल में डालें और ठंडा होने दें। फिर, अपने बालों पर ऊपर से नीचे तक मास्क लगाएं और अपने पूरे बालों पर पूरी तरह से अप्लाई करें। यदि आपकी जड़ें आमतौर पर काफी ऑयली हैं, तो केवल मध्य लंबाई से नीचे तक मास्क लगाएं।
- बची हुई नमी को बनाए रखने के लिए शॉवर कैप लगाएं।
- 20 मिनट के बाद अपने बालों को गर्म पानी से धो लें और हमेशा की तरह शैम्पू और कंडीशनर करें।
- अगर आपके बाल मेहंदी लगाने के बाद रूखे हो गए हैं तो आपको बालों की ज्यादा देखभाल करने की जरूरत है। इसके लिए यहां बताए हेयर मास्क अप्लाई करें। लेकिन इन मास्क का इस्तेमाल करने से पहले एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें।



# वेडिंग गिफ्ट जा रही हैं खरीदने तो इन जरूरी बातों को रखें खास ख्याल

शादियों का सीजन शुरू हो गया है, ऐसे में सिर्फ कपड़े-गहने ही नहीं बल्कि गिफ्ट की भी खरीदारी शुरू हो जाती हैं। खासकर अगर शादी घर के किसी सदस्य की हो तो इस बात को सोचना और भी ज्यादा जरूरी हो जाता है कि आखिर गिफ्ट में दूल्हा और दुल्हन को क्या दिया जाए? बता दें कि इंडियन वेडिंग में महंगे तोहफे देने का रिवाज काफी पुराना है, लेकिन अब समय काफी बदल गया है, ऐसे में बजट के साथ-साथ जरूरत का ख्याल रखना बहुत जरूरी है।
वहीं कुछ लोग वेडिंग गिफ्ट खरीदारी में समय अधिक चला जाता है। दरअसल, ऐसा इसलिए होता है क्योंकि लोग गिफ्ट को लेकर काफी कंफ्यूजन रहते हैं, ऐसे में हम पहले डिसाइड कर लें, तो पैसे और समय दोनों को बचाया जा सकता है। इसलिए वेडिंग गिफ्ट की खरीदारी करते वक्त कुछ बातों का ख्याल रखना बहुत जरूरी है।

## वेडिंग गिफ्ट सेलेक्शन

वेडिंग गिफ्ट में क्या दें, यह सबसे बड़ा सवाल होता है। आप इसे बारे में दूल्हा या फिर दुल्हन से सवाल भी नहीं कर सकते हैं। इसके अलावा दूसरों से पूछने पर वो अलग से आपको आइडिया दे सकते हैं। इस तरह कंफ्यूजन काफी बढ़ जाता है, इसलिए बेहतर है कि आप खुद तय करें कि शादी के बाद दूल्हा और दुल्हन को किन चीजों को जरूरत अधिक पड़ती है। उसे ध्यान में रखते हुए गिफ्ट की खरीदारी करें। इसके अलावा गिफ्ट इस उम्मीद से ना दें, आपको वापस मिल सकता है। गिफ्ट अच्छा और जरूरत को ध्यान में रखकर दें।

## कैश रजिस्टरी का ऑप्शन चुने

वेडिंग गिफ्ट के तौर पर कैश रजिस्ट्री का ऑप्शन चुन सकती हैं। वेडिंग गिफ्ट की खरीदारी से पहले आप चाहें तो कैश रजिस्ट्री का ऑप्शन चुन सकती हैं। दरअसल, आज कल डेस्टिनेशन का ट्रेंड चल पड़ा है। ऐसे में साथ में गिफ्ट ले जाना काफी ओल्ड फैशन हो सकता है। आप चाहें तो कैश रजिस्ट्री का ऑप्शन चुन सकती हैं। कैश रजिस्ट्री कराने से न्यूली मैरिड कपल अपनी पसंद और जरूरत के अनुसार चीजें खरीद सकती हैं। वहीं कपल भी चाहें तो इस कैश को आने वाले समय के लिए सेव भी कर सकते हैं।

## खरीदारी से पहले बजट सेट करें

वेडिंग गिफ्ट की खरीदारी से पहले बजट तय कर लें। दरअसल, कई बार मार्केट में खरीदने कुछ जाते हैं और खरीदकर कुछ लाते हैं। मार्केट में चीजें की तरह-तरह होती हैं, जिसे लेकर कंफ्यूजन काफी होता है। अगर आप बजट सेट करने से आप कंफ्यूज नहीं होंगे और उतनी ही कीमत में आप गिफ्ट खरीदकर लाएंगे। इस तरह आप फिजूलखर्ची से भी बच सकती हैं।

## ऑफलाइन और ऑनलाइन चेक करें

कई बार हम वेडिंग गिफ्ट की खरीदारी आखिरी समय में करते हैं, ऐसे में आप चाहे तो ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों का ऑप्शन चुन सकती हैं। दरअसल, घर की शादी में काफी तैयारी करनी पड़ती है।



ऑफलाइन खरीदारी में काफी समय चला जाता है, ऐसे में आप समय को बचाना चाहती हैं तो ऑनलाइन खरीद सकती हैं। वहीं अगर आप ने तय कर लिया कि आपको दूल्हा और दुल्हन को गिफ्ट में क्या देने वाली हैं तो उसे ऑनलाइन पहले चेक कर लें। इसके बाद समय है तो ऑफलाइन खरीदारी कर सकती हैं।

## क्वालिटी जरूर करें चेक

अक्सर ऐसा देखा होगा कि लोग शादी के गिफ्ट के तौर पर एक नहीं कई चीजें देते हैं। हालांकि, जब बाद में उसे चेक करें तो कई चीजें खराब या फिर इस्तेमाल के योग्य नहीं होती। इससे छवि खराब होती है, इसलिए एक साथ कई सारी चीजें तोहफे में देने के बजाय एक ही चीज सेलेक्ट और उसे गिफ्ट करें। कोशिश करें कि खरीदारी करते वक्त वेडिंग गिफ्ट को अच्छी तरह चेक कर लें। उसकी क्वालिटी अच्छी होनी चाहिए।



**शादियों का सीजन चल रहा है और जिनकी शादी होने वाली है, उन्होंने अभी से इसकी तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। शादी की तैयारियां केवल शॉपिंग पर खत्म नहीं होती हैं, बल्कि जल्द न्यूली वेड कपल बनने की तैयारी कर रहे जोड़े अपने रूम को सजाने और संवारने के बारे में भी बातें करते हैं।**

# ऐसा होना चाहिए न्यूली वेड कपल का बेडरूम

दुल्हन का आगमन हजारों खुशियां लेकर आता है। हिंदू धर्म में तो दुल्हन को देवी लक्ष्मी का स्वरूप माना गया है। ऐसे में देवी लक्ष्मी का गृह प्रवेश परिवार में सुख और समृद्धि लेकर आए, इसके लिए घर में जुड़ने वाली नई सदस्या का खुश रहना बहुत जरूरी है। किसी को भी सबसे ज्यादा सुकून उसके अपने कमरे में मिलता है, इसलिए न्यूली वेड कपल का कमरा सेट करते वक्त कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। खासतौर पर वास्तु के हिसाब से न्यूली वेड कपल का कमरा कैसा होना चाहिए, इस परएस्ट्रोलॉजर एवं वास्तु एक्सपर्ट कहती हैं, 'न्यूली वेड कपल के कमरे की दिशा, रंग और उसमें रखे सामान का वास्तु के हिसाब से होना बहुत जरूरी है। इससे उनका रिश्ता बेहतर बनता है और परिवार के लिए भी सब कुछ शुभ होता है।'

## बेडरूम की दिशा

वास्तु एक साइंस है और 'वे ऑफ आर्किटेक्चर' है। इसमें दिशाओं का विशेष महत्व होता है।' इसलिए वास्तु के हिसाब से न्यूली वेड कपल का कमरा साउथ-ईस्ट दिशा में होना चाहिए और घर की सबसे ऊपर वाली मंजिल में होना चाहिए। हालांकि, कई बार वास्तु के हिसाब से न्यूली वेड कपल का कमरा सही दिशा में नहीं होता है। ऐसे में वास्तु दोष को दूर करने के लिए कमरे में बेड की सेटिंग इस तरह होनी चाहिए कि दुल्हन का सिर साउथ में और पैर नॉर्थ में हो। इस दौरान ध्यान रखें कि पैर एकदम दरवाजे के सामने नहीं होने चाहिए। अगर इस दिशा में सोने की व्यवस्था नहीं हो पा रही हैं तो ईस्ट की ओर सिर किया जा सकता है। लेकिन जब भी आपको कंसीव करना हो तो अपने सोने की जगह को बदल लें।

## बेड कैसा होना चाहिए

सोशल डेकोरेशन को भूल कर आपको लकड़ी का ही बेड अपने लिए चुनना चाहिए। 'मेटल में कोल्ड एनर्जी होती होती है और वुड में वॉर्म एनर्जी होती है। न्यूली वेड कपल्स को वॉर्म एनर्जी की जरूरत होती है।' इसके साथ ही, इस बात का ध्यान रखें कि बेड में अगर बॉक्स भी है तो उसमें कोई भी कबाड़ न रखें और न ही कोई धारदार चीज रखें। यहां तक की बेड पर पड़ा गद्दा भी सिंगल होना चाहिए।

## कैसा होना चाहिए कमरे में शीशा

शीशा आपका प्रतिबिंब बनाता है। किसी भी चीज को डबल करना और एनर्जी को फैलाना शीशे की प्रॉपर्टी होती है। इसलिए शीशे का सही दिशा में होना जरूरी है। सोते वक्त शीशे में आप नजर न आएं इसके लिए हमेशा शीशा बेड के बगल में होना चाहिए।

## कमरे का डेकोरेशन कैसा होना चाहिए

कमरे के डेकोरेशन में सबसे ज्यादा लोग फोटो फ्रेम्स का इस्तेमाल करते हैं। न्यूली वेड कपल्स को भी अपने कमरे में हमेशा ऐसी तस्वीरें लगानी चाहिए, जो उन्हें खुशी दें। भगवान की तस्वीर कभी न लगाएं, सोलो व्यक्ति की तस्वीर न लगाएं और जंगली जानवरों की तस्वीरें भी न लगाएं। कपल अपनी भी तस्वीर लगा सकते हैं।

## कमरे का रंग कैसा होना चाहिए

अपना फेवरेट कलर ही कमरे की दीवारों पर कराएं। हो सके तो कमरे में कहीं न कहीं लाल रंग का इस्तेमाल जरूर करें। क्योंकि यह रंग एनर्जी को बढ़ाता है और कपल के बीच के प्रेम संबंधों को मधुर बनाता है। ज्यादा लाल रंग न इस्तेमाल करें क्योंकि इससे कंसीव करने में दिक्कत आती है और लड़ाई झगड़े भी होते हैं।



# घर पर बनाएं मूंग दाल डोसा

**साउथ इंडियन खाने का अपना अलग ही मजा है। स्वादिष्ट होने के साथ-साथ दक्षिण भारतीय व्यंजन हेल्दी भी हो सकते हैं, क्योंकि उनमें तेल की मात्रा कम से कम होती है। इडली, डोसा, सांभर, रसम, वड़ा, अप्पम, लेमन राइस जैसे अन्य कई व्यंजनों को देखकर आपके मुंह भी पानी आता होगा? दूसरी सबसे अच्छी बात यह है कि आप इनका आनंद सुबह नाश्ते, ब्रंच, लंच, स्नैक्स और डिनर में भी ले सकते हैं।**

आज हर शहर में आप साउथ इंडियन फूड का आनंद ले सकते हैं। इतना ही नहीं, घर पर भी इन्हें बनाया जा सकता है। अब बात करें डोसा की, तो आज हम आपके लिए डोसा की रेसिपी लेकर आए हैं, लेकिन यह आम डोसा नहीं, बल्कि मूंग दाल से बनने वाला डोसा है। इसे आप केवल दो मिनट में बना भी सकते हैं।

## बनाने का तरीका

- मूंग दाल का डोसा बनाने के लिए पहले जरूरी सामग्री को इकट्ठा कर लें। मूंग दाल को कुछ देर पहले भीगोकर रखें। उसके बाद एक मिक्सी में भीगी हुई मूंग दाल, थोड़ा-सा पानी, अदरक और हरी मिर्च डालकर ग्राइंड कर लें।
- जब बैटर तैयार हो जाए तो उसे एक भगोने में निकाल कर रख लें। अब तैयार बैटर में स्वादानुसार नमक और दो चम्मच चावल का आटा डालकर अच्छी तरह से मिक्स कर लें।
- अब एक तवा गर्म करें और उस पर यह बैटर फैला लें। थोड़ी देर सेकने के बाद बैटर के ऊपर हल्का-सा तेल डालें और फिर आलू का मसाला डालने की बजाय उसमें बारीक कटा प्याज, टमाटर और धनिया डालें।
- इसे कुछ सेकंड सेकने के बाद डोसा फोल्ड करें और एक प्लेट पर निकाल लें। स्वादिष्ट टमाटर और नारियल की चटनी के साथ मूंग दाल के इस डोसे को सर्व करें।
- घर पर मूंग दाल का डोसा बनाना बेहद आसान है। इसे बनाने में आपको केवल दो मिनट लगेंगे। आइए जानें इसकी आसान रेसिपी

## सामग्री

1 कप मूंग दाल
1 इंच अदरक
2 चम्मच चावल का आटा,
1 हरी मिर्च
आधा कप पानी,
स्वादानुसार नमक
1 बारीक कटा प्याज
1 बारीक कटा टमाटर
1 बड़ा चम्मच बारीक कटा हुआ धनिया

## विधि

- भीगी हुई मूंग दाल को एक मिक्सी में डालें और उसमें अदरक और हरी मिर्च डालकर ग्राइंड करें।
- बैटर को एक भगोने में निकालें और उसमें चावल का आटा और नमक डालकर अच्छी तरह से मिक्स करें।
- अब एक तवा गर्म करें और उसमें तैयार बैटर फैलाएं। ऊपर से हल्का-सा तेल डालें और कुछ देर सेक लें।
- अब इसमें बारीक कटा हुआ प्याज, टमाटर और धनिया डालें। डोसा को फोल्ड कर एक प्लेट में निकालें और चटनी के साथ सर्व करें।



# सिर्फ सेहत ही नहीं, घर चमकाने के काम भी आता है जैतून का तेल

जैतून तेल का इस्तेमाल सेहत और ब्यूटी से जुड़ी परेशानियों को दूर करने के लिए किया जाता है। मगर क्या आप जानते हैं कि यह घर की सफाई में भी मददगार है। जी हां, जैतून के तेल से आप घर की साफ-सफाई भी कर सकते हैं। चलिए आज हम आपको बताते हैं कि किस तरह जैतून के तेल का इस्तेमाल आपके घर की छोटी-छोटी प्रॉब्लम को दूर करता है।

## लकड़ी के फर्श को करें साफ

1 चम्मच ऑलिव ऑयल और 1/2 चम्मच व्हाइट विनेगर को मिक्स करके उसे अपनी घर की फर्श को साफ करें। यह आपके फर्श को नए जैसा चमका देगा और इससे फर्श के दाग-धब्बे भी आसानी से साफ हो जाएंगे।

## पुराने फर्नीचर को रखें नए जैसा

लकड़ी के फर्नीचर की अलग सही तरीके से देखभाल न की जाए तो वह खराब होने लगते हैं। ऐसे में आप कपड़े पर हल्का-सा जैतून का तेल लगाकर लकड़ी के फर्नीचर को साफ करें। उसके बाद सूखे कपड़े के फर्नीचर साफ करें। इससे आपका पुरानी वुडन फर्नीचर भी नया लगेगा।

## बर्तनों को चमकाएं

रसोई में खाना बनाते हुए कई बार बर्तन जल जाते हैं। ऐसे में सबसे पहले उसपर व्हाइट विनेगर और बेकिंग सोडा डालकर बर्तन को साफ करें। फिर उसपर जैतून का तेल और नमक डालकर स्क्रब की मदद से साफ करें। इससे आपका बर्तन बिल्कुल साफ हो जाएगा।

## जूट फर्नीचर की सफाई

जूट के फर्नीचर में गंदगी आसानी से नहीं निकलती और उसकी शाइन खोने लगती है। वैक्यून क्लीनर से सफाई करने के बावजूद भी वह अच्छी तरह साफ नहीं होते। ऐसे में आप कपड़े पर जैतून का तेल लगाकर फर्नीचर की सफाई करें। इससे उसकी धूल-मिट्टी भी आसानी से निकल जाएगा और नया भी लगने लगेगा।

# अगस्त में नई औपचारिक नियुक्तियां चार महीने के निचले स्तर पर

**- अगस्त में नए मासिक सब्सक्राइबर्स करीब 11 फीसदी घटकर 9.30 लाख रह गए**

**नई दिल्ली ।**

अगस्त महीने में फॉर्मल हायरिंग में गिरावट दर्ज की गई है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की तरफ से जारी ताजा पेरोल डेटा के मुताबिक फॉर्मल लेबर मार्केट में मंदी के संकेत मिले हैं। अगस्त में नए मासिक सब्सक्राइबर्स (नए सदस्य) की संख्या करीब 11 फीसदी घटकर 9.30 लाख रह गई, जो जुलाई में 10.5 लाख थी। यह संख्या चार महीनों के निचले स्तर पर है। ईपीएफओ डेटा को अहम माना जाता है क्योंकि केवल फॉर्मल वर्कफोर्स को सामाजिक सुरक्षा लाभ मिलते हैं और वे श्रम कानूनों द्वारा संरक्षित होते हैं। अगस्त में 9.30 लाख नए ईपीएफ सब्सक्राइबर्स में 18-25 आयु वर्ग के युवाओं की हिस्सेदारी मामूली रूप से घटकर 59.26 फीसदी (5.51 लाख) हो गई, जो जुलाई में 59.4 फीसदी (6.25 लाख) थी। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि इस आयु वर्ग के सब्सक्राइबर्स आमतौर पर पहली बार लेबर मार्केट में प्रवेश करते हैं, जो बाजार की स्थिति का संकेत देते हैं। इसके अलावा, नई महिला सब्सक्राइबर्स की हिस्सेदारी भी घटकर 27.2 फीसदी (2.53 लाख) हो गई, जो पिछले महीने 29 फीसदी (3.05 लाख) थी। यह कार्यबल में महिला भागीदारी की गिरावट को दर्शाता है। वहीं अगस्त में नेट पेरोल ऐडिशन 18.5 लाख रही। हालांकि ये नेट पेरोल आंकड़े प्रारंभिक होते हैं और अगले महीने में आमतौर पर संशोधित किए जाते हैं, इसलिए नए ईपीएफ सब्सक्राइबर्स की संख्या को अधिक विश्वसनीय माना जाता है।



# एनएसई और बीएसई 1 नवंबर को स्पेशल मुहूर्त ट्रेडिंग सेशन आयोजित करेंगे

**- ट्रेडिंग सेशन शुक्रवार 1 नवंबर को शाम 6 बजे से 7 बजे के बीच होगा**

मुंबई । हर साल की तरह इस साल भी पूरा देश दिवाली के अवसर पर स्टॉक मार्केट में होने वाली मुहूर्त ट्रेडिंग का इंतजार कर रहा है। इसकी तारीख और टाइमिंग को लेकर कंफ्यूजन दूर हो गया है। दरअसल, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) ने दिवाली के शुभ अवसर पर आयोजित विशेष मुहूर्त ट्रेडिंग सेशन के टाइमिंग की घोषणा की है। एनएसई और बीएसई 1 नवंबर को एक घंटे का स्पेशल मुहूर्त ट्रेडिंग सेशन आयोजित करेंगे। स्टॉक एक्सचेंजों ने अलग-अलग सर्कुलर में यह ऐलान किया है। सर्कुलर में कहा गया है कि ट्रेडिंग सेशन शुक्रवार 1 नवंबर 2024 को शाम 6 बजे से 7 बजे के बीच आयोजित की जाएगी। दिवाली पर शेयर बाजार रेगुलर ट्रेडिंग के लिए बंद रहेगा, लेकिन शाम को एक घंटे के लिए स्पेशल ट्रेडिंग विंडो खुली रहेगी। एक्सचेंजों ने घोषणा की कि प्री-ओपनिंग सेशन शाम 5ः45 बजे से शाम 6ः00 बजे तक होगा। बता दें कि मुहूर्त ट्रेडिंग एक पारंपरिक प्रतीकात्मक ट्रेड होता है। यह एक शुभ दिन होता है और इस दिन निवेशक सौभाग्यशाली वर्ष की कामना के साथ कुछ देर की ट्रेडिंग करते हैं। पिछले साल 12 नवंबर को निफ्टी और सेंसेक्स ने विशेष दिवाली मुहूर्त ट्रेडिंग सत्र में अच्छी बढ़त देखी थी। शाम 6ः15 बजे से शाम 7ः15 बजे तक मुहूर्त ट्रेडिंग के लिए ओपन हुआ था। सेंसेक्स 354.77 अंक की तेजी के साथ 65,259.45 के स्तर पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 100.20 अंक की तेजी रही, ये 19,525.55 के स्तर पर बंद हुआ था।

# सियांग घाटी में विशालकाय बांध बना रहा भारत, काम तेजी से शुरू

**- बांध की क्षमता 10-12 गीगावॉट (जीडब्ल्यू) पनबिजली की होगी**

नई दिल्ली ।

अरुणाचल प्रदेश से लगा हुए चीन के इलाके में चीन की बड़ी जल पे रियोजना को देखते हुए केंद्र ने ऊपरी सियांग घाटी में विशालकाय बांध बनाने के काम को तेजी से शुरू कर` दिया है। यह देश का सबसे बड़ा बांध होगा। वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल में सियांग ऊपरी घाटी बांध की शुरुआती परियोजना प्रबंधन के उद्देश्य से वित्तीय मदद देने की घोषणा की थी। इस प्रस्तावित परियोजना के तीन एजेंडे हैं - बाढ़ प्रबंधन, जल प्रवाह को दुरुस्त करना और बिजली पैदा करना। सरकार की पनबिजली की प्रमुख कंपनी एनएचपीसी को विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) और परियोजना व्यवहार्यता रिपोर्ट (एफपीआर) विकसित करने की जिम्मेदारी दी गई है। अधिकारियों के अनुसार इस बांध की क्षमता 10-12 गीगावॉट (जीडब्ल्यू) पनबिजली की होगी और यह भारत का सबसे बड़ी पनबिजली परियोजना होगी। इस परियोजना की लागत 1 लाख करोड़ रुपये होगी। एनएचपीसी के अधिकारियों ने बताया कि इस बारे में विभिन्न सरकारी मंत्रालयों जैसे ऊर्जा, जल शक्ति और अरुणाचल प्रदेश से विचार-विमर्श हुआ था। हाल में केंद्र के राशि जारी करने से इस परियोजना को गति मिली है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस साल अगस्त में पूर्वोत्तर के राज्यों में 15 जीडब्ल्यू की पनबिजली परियोजना के लिए 4,136 करोड़ रुपये मंजूर किए थे। मंत्रिमंडल ने बीते महीने आगामी जल परियोजनाओं के लिए 'सक्षम बुनियादी ढांचा' और पंप्ड स्टोरेज परियोजना (पीएसपी) के लिए 12,461 करोड़ रुपये मंजूर किए थे। अधिकारियों ने संकेत दिया कि इन दो निगमों से कोष सियांग घाटी परियोजना के पीएफआर के लिए इस्तेमाल किए जाएंगे और स्थानीय लोगों को जागरूक किया जाएगा। एनएचपीसी के प्रवक्ता को ईमेल प्रश्नावली भेजी गई थी लेकिन खबर लिखे जाने तक उसका जवाब नहीं मिला था। चीन जनवादी गणराज्य ने 2021 में यारलुंग त्संगपो में 60 गीगावॉट की मोटोंग जल परियोजना स्टेशन को मंजूरी दी थी और यह क्षेत्र तिब्बत के स्वायत्त क्षेत्र (टीएआर) में आता है। यारलुंग नदी भारत में ब्रह्मपुत्र (अरुणाचल के सियांग) में आकर मिलती है। एनएचपीसी और राज्य सरकार के शुरुआती अध्ययन के मुताबिक चीन की इस परियोजना के कारण भारत में जल का प्रवाह 80 प्रतिशत तक घट सकता है।

# अल्ट्राटेक सीमेंट के दूसरी तिमाही में 25 नतीजों में 36 प्रतिशत की गिरावट




**मुंबई ।**

भारत की सबसे बड़ी सीमेंट निर्माता कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट ने सितंबर 2024 में समाप्त तिमाही में अपने शुद्ध लाभ में 36 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की है। इसका कारण ऑपरेशन से कम राजस्व बताया जा रहा है। इस अवधि में कंपनी का शुद्ध लाभ 820 करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले की तुलना में 36 प्रतिशत कम है। कंपनी की आय में भी गिरावट आई है, क्योंकि राजस्व 2.4 प्रतिशत घटकर 15,634.73 करोड़ रुपये हो गया। 16 जानकारों ने अल्ट्राटेक के राजस्व का अनुमान 15,711 करोड़ और 18 जानकारों ने नेट प्रॉफिट का अनुमान 1,032 करोड़ रुपये लगाया था। कंपनी ने राजस्व के मामले में अपेक्षाएं पूरी की, लेकिन लाभ में कमी आई।

तिमाही आधार पर शुद्ध लाभ 52 प्रतिशत और 13 प्रतिशत राजस्व गिरा। कंपनी ने कहा कि ब्याज, मूल्यह्रास और कर से पहले का लाभ (पीबीडीआईटी) 2,239 करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले के 2,718 करोड़ रुपये से कम है। कैपासिटी और बिक्रीः सितंबर तिमाही के दौरान कंपनी की कैपासिटी में 68 प्रतिशत का उपयोग हो सका, जबकि घरेलू बिक्री में 3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यह वृद्धि देशभर में लगातार बारिश के बावजूद हुई है। कंपनी ने ऊर्जा लागत में एक साल पहले की तुलना में 14 प्रतिशत की गिरावट देखी, जबकि कच्चे माल की लागत में फ्लाई ऐश और स्लैग की बढ़ी हुई कीमतों के कारण 1 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

# टाटा ग्रुप के 3 शेयरों ने दिया ऐतिहासिक रिटर्न

**- पांच गुना तक किया पैसा, रतन टाटा की लीडरशिप में खूब बढ़े इनके दाम**

**नई दिल्ली ।**

टाटा ग्रुप का इतिहास लगभग सवा 100 साल पुराना है। जमशेदजी टाटा ने इस विशाल व्यापारिक साम्राज्य की नींव रखी और हर दशक में अगली पीढ़ियों ने इस बिजनेस समूह को आगे बढ़ाया। रतन टाटा की अगुवाई में टाटा ग्रुप की कंपनियों ने जोरदार तरक्की की। खास बात है कि इसका फायदा ना सिर्फ टाटा ग्रुप को बल्कि टाटा के शेयरों में निवेश करने वाले लोगों को भी मिला। टाटा ग्रुप की तीन कंपनियों ने टाटा मोटर्स, टाटा स्टील और टाइटन ने निवेशकों को पिछले कुछ सालों में जोरदार रिटर्न दिया है। टाटा ग्रुप के इन 3 शेयरों ने महज 5 साल में निवेशकों का पैसा पांच गुना तक कर दिया है। जैसे टाटा मोटर्स के शेयर 5 साल पहले अक्टूबर 2019 में 137 रुपये पर ट्रेड कर रहे थे लेकिन, आज इनकी कीमत 900 रुपये प्रति शेयर है। इस अवधि में टाटा मोटर्स के शेयरों ने 550 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया। टाइटन के शेयरों ने 5 साल की अवधि में 164 फीसदी का रिटर्न दिया है। अक्टूबर 2019 में कंपनी के शेयर 1300 रुपये के भाव पर थे और आज प्रति शेयर की कीमत 3430 रुपये से ज्यादा है। टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा स्टील ने 5 सालों में निवेशकों का पैसा तीन गुना से ज्यादा कर दिया है। अक्टूबर 2019 में इस कंपनी के शेयर 36 रुपये के भाव पर मिल रहे थे और अब इनकी कीमत 153 रुपये है। इस अवधि में टाटा स्टील के शेयरों ने 325 फीसदी से ज्यादा का रिटर्न दिया है।





# गोदरेज प्रॉपर्टीज ने अहमदाबाद में तीन एकड़ जमीन का किया अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड (जीपीएल) ने आवास परियोजना विकसित करने के लिए अहमदाबाद के वस्त्रपुर में करीब तीन एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया है। इसका अनुमानित बिक्री मूल्य 1,300 करोड़ रुपये है। कंपनी ने सौदे की कीमत और विक्रेता का नाम उजागर नहीं किया। गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने शेयर बाजार को बताया कि इस भूमि पर करीब नौ लाख वर्ग फुट बिक्री योग्य क्षेत्र विकसित किए जाने की संभावना है। इसमें मुख्य रूप से प्रीमियम आवासीय अपार्टमेंट शामिल हैं, जिनकी अनुमानित बुकिंग कीमत करीब 1,300 करोड़ रुपये है।' गोदरेज प्रॉपर्टीज के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा` कि हम अहमदाबाद में अपनी दूसरी परियोजना से खुश हैं। इससे अहमदाबाद में हमारी मौजूदगी और मजबूत होगी इस महीने की शुरुआत में गोदरेज प्रॉपर्टीज ने 3,500 करोड़ रुपये की राजस्व क्षमता वाली एक आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में कुल 6.5 एकड़ के तीन समीपवर्ती भूखंडों के अधिग्रहण की बोलियां भी जीती थीं।

# रेलवे के हर साल गुटखे के दाग साफ करने पर होते हैं 1200 करोड़ खर्च

**अब स्टेशन परिसर में लगेंगे कियोस्क, जिसमें थूकने के लिए स्पिटून पाउच उपलब्ध होंगे**



**नई दिल्ली ।** स्वच्छ भारत अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के बावजूद कुछ लोगों में सार्वजनिक स्थानों पर थूकने की आदत में बदलाव लाना कठिन साबित हो रहा है। लोग शायद यह नहीं समझते कि इससे कितना नुकसान होता है। एक अनुमान के मुताबिक भारतीय रेलवे हर साल पान-गुटखा के दाग साफ करने के लिए करीब 12,000 करोड़ रुपए खर्च करता है। अब रेलवे इससे निपटने के लिए नया प्लान लेकर आई है, जिससे खर्च में कमी आएगी। हालांकि, रेलवे इस समस्या से निपटने के लिए एक नया समाधान लेकर आया है। योजना के तहत स्टेशन परिसर में स्पिटर कियोस्क लगाए जाएंगे, जिन्हें आम जनता उपयोग कर सकेगी। रेलवे देश भर के 42 स्टेशनों में ऐसे कियोस्क लगाने जा रहा है। इन कियोस्क में थूकने के लिए स्पिटून पाउच उपलब्ध होंगे, जिनकी कीमत 5 से 10 रुपए के बीच होगी। रेलवे को उम्मीद है कि लोग इन स्पिटून का उपयोग करेंगे, जिससे दाग साफ करने के खर्च में कमी आएगी।

# वारी एनर्जीज आईपीओ के जरिए 4,321 करोड़ रुपए जुटाएगी

**- वारी एनर्जीज के एक शेयर का प्राइस बैंड 1,427 रुपए से 1503 रुपए तय किया गया**

**नई दिल्ली ।** सोमवार को शेयर बाजार में वारी एनर्जीज लिमिटेड का आईपीओ का प्रदर्शन जोरदार रहा है। यह सौलर पैनल या सोलर मॉड्यूल बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी है। इसमें निवेशक 23 अक्टूबर तक निवेश कर सकेंगे। कंपनी की योजना आईपीओ के जरिये 4,321 करोड़ रुपए जुटाने की है। कंपनी का आईपीओ ग्रे मार्केट में शानदार प्रदर्शन कर रहा है। मुंबई की कंपनी वारी इस आईपीओ में 3,600 करोड़ रुपए के 2.39 करोड़ फ्रेश शेयर जारी करेगी। इसी के साथ कंपनी के प्रोमोटर्स और शेयरधारक 48 लाख शेयरों का ऑफर फोर सेल या ओएफएस लेकर आ रहे हैं। ओएफएस के जरिये 721.44 करोड़ रुपए जुटाने की कोशिश है। इस आईपीओ में बड़े (एंकर) निवेशक ने 18 अक्टूबर को ही बोली लगा ली है। सोमवार से इसमें रिटेल समेत अन्य श्रेणी के निवेशक बोली लगाएंगे। वारी एनर्जीज के एक शेयर का प्राइस बैंड 1,427 रुपए से 1503 रुपए तय किया गया है। इसके लिए मिनिमम लॉट साइज 9 शेयरों का तय किया गया है। यानी कि रिटेल इनवेस्टर्स को कम से कम 13,527 रुपए का निवेश करना होगा। इस आईपीओ में 50 फीसदी शेयर क्वालिफाइड इंस्टीटयूशनल बॉयर्स यानी क्यूआईबी निवेशकों के लिए आरक्षित है। इसका 15 फीसदी हिस्सा नॉन-इंस्टीटयूशनल इनवेस्टर्स के लिए रिजर्व है जबकि 35 फीसदी हिस्सा रिटले इनवेस्टर्स के लिए रिजर्व है। 1990 में स्थापित वारी एनर्जीज इस आईपीओ से प्राप्त राशि का उपयोग ओडिशा में 6 गीगावाट की इंगट वेफर, सोलर सेल और सोलर पीवी मॉड्यूल विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए करेगी। इसके अलावा एक हिस्सा सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए रखा जाएगा।

# विदेशी निवेशकों ने निकलें पैसे.........हरे से लाल निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को बड़े उछाल के साथ खुलने के बावजूद लाल निशान में बंद हुआ। इसके पहले शुक्रवार को शेयर बाजार तीन दिन की गिरावट के बाद हरे निशान पर बंद हुआ था। भारतीय शेयर बाजार में कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर में भारी गिरावट और विदेशी निवेशकों के लगातार देशी बाजारों से पैसा निकालने के चलते गिरावट आई। 30 शेयरों वाला सेंसेक्स सोमवार को 73.48 अंक की गिरावट के साथ 81,151.27 पर बंद हुआ। शुरुआत में सेंसेक्स 545 अंक तक चढ़ गया था।

हालांकि, कारोबार के अंत में बिकवाली के दबाव में आकर सेंसेक्स 80,811.23 के निचले स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 भी 72.95 अंक की गिरावट के साथ 24,781.10 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में सोमवार को कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर सबसे ज्यादा 4 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट लेकर बंद हुआ। कंपनी की तिमाही आय नतीजे निवेशकों की उम्मीद के अनुरूप नहीं रहे। इसकारण बैंक के शेयर में बड़ी गिरावट देखी गई। इसके अलावा बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक, अदानी पोर्ट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इंफोसिस, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और जेएसडब्ल्यू स्टील भी गिरावट में बंद हुए। वहीं एचडीएफ़सी बैंक के सितम्बर तिमाही के नतीजे शानदार रहे जिसका असर कंपनी के शेयरों में देखने को मिला है। जुलाई-सितंबर तिमाही में एचडीएफ़सी बैंक का स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट 6 प्रतिशत बढ़कर 17,825.91 करोड़ रुपये रहा। एचडीएफसी बैंक का शेयर सोमवार को लगभग 3 प्रतिशत चढ़ गया। साथ ही एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईआई), मारुति और टेक महिंद्रा के शेयर भी प्रमुख रूप से लाभ में रहे।




**विदेशी निवेशकों की बिकवाली जारी**

एक्सचेंज डेटा के मुताबिक, विदेशी निवेशकों की बिकवाली का सिलसिला जारी है। विदेशी संस्थागत निवेशकों (स्रद्बद्बह्य) ने शुक्रवार को 5,485.70 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 5,214.83 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी।

# अमेरिकी कंपनी बिसेल ने छह साल बाद भारतीय बाजार में प्रवेश किया

**- कंपनी ने कहा, भारत भविष्य में एक बहुत ही महत्वपूर्ण बाजार होगा**

**नई दिल्ली ।** मिशिगन, अमेरिका के घरेलू समाधान प्रदाता बिसेल ने छह साल के बाद अपने वैक्यूम क्लीनर्स की श्रंखला के साथ भारत में फिर से प्रवेश किया है। कंपनी ने उम्मीद जताई है कि यह देश 'भविष्य में एक बहुत महत्वपूर्ण बाजार' होगा। बिसेल के अध्यक्ष (वैश्विक बाजार) मैक्स बिसेल ने बताया, हालांकि भारत वैश्विक स्तर पर फर्श की देखभाल वाले उत्पादों के लिए अपेक्षाकृत छोटा बाजार है, लेकिन इसकी जनसांख्यिकी और बढ़ती अर्थव्यवस्था को देखते हुए यह भविष्य के लिए एक निवेश है। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि भारत भविष्य में एक बहुत ही महत्वपूर्ण बाजार होगा। अगर हम सिर्फ जनसंख्या और हमारे सामने मौजूद अवसरों को देखें, तो यह भविष्य के लिए एक निवेश है। बिसेल ने भारत में वितरण के लिए कैविटक ग्लोबल कॉमर्स के साथ साझेदारी की है और वह अपने अस्थायी गीले और सूखे वैक्यूम क्लीनिंग सिस्टम जैसे 'स्पॉटक्लीन हाइड्रोस्टीम' और 'स्पॉटक्लीन प्रोहीट' को पेश करने पर ध्यान केंद्रित करेगी, जो पहले से ही ई-कॉमर्स मंच अमेज़न पर उपलब्ध हैं। बिसेल ने कहा कि यह अगली पीढ़ी के लिए एक निवेश है, जहां हम यह जानते हुए बाजार में प्रवेश कर सकते हैं कि यह बहुत बड़ा नहीं होने वाला है, लेकिन यह वास्तव में ऐसे बीज बोएगा जो भविष्य के लिए पेड़ के रूप में विकसित होंगे।

# 84.08 प्रति डॉलर पर बंद हुआ रुपया

**मुंबई ।** घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और अमेरिकी मुद्रा में नरमी के बीच रुपया सोमवार को डॉलर के मुकाबले 84.08 पर बदं हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालांकि, विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से रुपये पर दबाव पड़ा । अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.06 प्रति डॉलर पर खुला, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले एक पैसे की बढ़त` दिखाता है।




# दिवाली से पहले पेट्रोल-डीजल के बढ़े भाव

**- नए भाव के अनुसार महाराष्ट्र में पेट्रोल 46 और डीजल 37 पैसे महंगा हुआ**

**नई दिल्ली ।**


हाल ही में सामने आए रिपोर्ट में दावा किया गया था कि आगामी दिनों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में गिरावट आ सकती है। इस रिपोर्ट के बाद जनता की उम्मीद और बढ़ गई है। वहीं पेट्रोलियम कंपनियों की ओर से 21 अक्टूबर 2024 को ईंधन का नया भाव जारी कर दिया गया है। पेट्रोल कंपनियों की ओर से जारी किए गए भाव के अनुसार सरकार ने महाराष्ट्र चुनाव से पहले आम जनता को एक बार फिर झटका दिया है। नए भाव के अनुसार महाराष्ट्र में पेट्रोल 46 और डीजल 37 पैसे महंगा हो गया है। महंगा होने के बाद अब यहां एक लीटर पेट्रोल के लिए 104.83 और डीजल के लिए 93.5 रुपए देना होगा। वहीं दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपए और डीजल की कीमत 87.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल की कीमत 103.44 रुपए और डीजल की कीमत 89.97 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 104.95 रुपए और डीजल की कीमत 91.76 रुपए प्रति लीटर और चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.75 रुपए और डीजल की कीमत 92.34 रुपए प्रति लीटर है। वहीं देश के अन्य अन्य प्रमुख शहरों में पेट्रोल-डीजल का भाव इस प्रकार हैं। नोएडा में0 पेट्रोल 94.83 रुपए प्रति लीटर और डीजल 87.96 रुपए प्रति लीटर, गुरुग्राम में पेट्रोल 95.19 रुपए प्रति लीटर और डीजल 88.05 रुपए प्रति लीटर, बेंगलुरु में पेट्रोल 102.86 रुपए प्रति लीटर और डीजल 88.94 रुपए प्रति लीटर, चंडीगढ़ में पेट्रोल 94.24 रुपए प्रति लीटर और डीजल 82.40 रुपए प्रति लीटर, हैदराबाद में पेट्रोल 107.41 रुपए प्रति लीटर और डीजल 95.65 रुपए प्रति लीटर, जयपुर में पेट्रोल 104.88 रुपए प्रति लीटर और डीजल 90.36 रुपए प्रति लीटर और पटना में पेट्रोल 105.18 रुपए प्रति लीटर और डीजल 92.04 रुपए प्रति लीटर है। महाराष्ट्र में पेट्रोल के दाम 46 पैसे बढ़कर 104.83 रुपए प्रति लीटर और डीजल 37 पैसे बढ़कर 93.05 रुपए प्रति लीटर मिल रहा है। यूपी में पेट्रोल 33 पैसे बढ़कर 94.70 रुपए प्रति लीटर और डीजल 38 पैसे बढ़कर 87.79 रुपए प्रति लीटर मिल रहा है।




# उड़ान के तहत 601 मार्ग, 71 हवाई अड्डे शुरू हुएः नागर विमानन मंत्रालय

**- 1.44 करोड़ से अधिक यात्रियों को लाभ हुआ**

**नई दिल्ली ।** नागर विमानन मंत्रालय ने कहा कि आठ साल पहले शुरू की गई क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना उड़ान के तहत 601 मार्ग और 71 हवाई अड्डे चालू हो गए हैं। उड़ान का उद्देश्य क्षेत्रीय हवाई संपर्क को बढ़ाना और हवाई यात्रा को अधिक किफायती बनाना है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हेलीकॉप्टर मार्गों सहित 601 मार्गों को चालू कर दिया गया है और इनमें से लगभग 28 प्रतिशत मार्ग सबसे दूरदराज के स्थानों के लिए सेवा देते हैं। बयान के मुताबिक कुल 86 एयरोड्रोम - जिसमें 71 हवाई अड्डे, 13 हेलीपोर्ट और दो जल एयरोड्रोम शामिल हैं - चालू हो गए हैं। इससे 2.8 लाख से अधिक उड़ानों के जरिये 1.44 करोड़ से अधिक यात्रियों को लाभ हुआ। इस बीच देश में चालू हवाई अड्डों की संख्या 2014 में 74 से दोगुनी होकर 2024 में 157 हो गई है। सरकार का लक्ष्य 2047 तक इनकी संख्या को बढ़ाकर 350-400 तक करना है।



# महिला टी20 विश्व कप जीतकर मालामाल हुई न्यूजीलैंड टीम, खिलाड़ियों में बांटे जाएंगे 2.3 मिलियन डॉलर




**वेलिंगटन (एजेंसी)।** महिला टी20 विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 32 रन से हराने वाली न्यूजीलैंड 'व्हाइट फर्न्स' क्रिकेट टीम को पुरस्कार राशि में मिली 2.3 मिलियन डॉलर (लगभग 19.33 करोड़ रुपए) को खिलाड़ियों के बीच बांटा जाएगा। इससे टीम के प्रत्येक सदस्य के हिस्से में लगभग 155,000 डॉलर (1.31 करोड़ रुपए) आएंगे।

पिछले कई वर्षों से पुरुष खिलाड़ियों की तरह वित्तीय समानता हासिल करने के लिए वर्षों तक संघर्ष कर रही महिला टीम के सदस्यों के लिए यह बड़ी रकम है। क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप के विश्व कप में न्यूजीलैंड की पहली जीत अप्रत्याशित है। टूर्नामेंट के अभ्यास मैच में दक्षिण अफ्रीका को हराने से पहले 'व्हाइट फर्न्स' ने लगातार 10 टी20 मैच गंवाए थे। न्यूजीलैंड ने अपने अभियान के दौरान लीग चरण में भारत, श्रीलंका और पाकिस्तान को हराया जबकि उसे ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा।

टीम ने सेमीफाइनल में वेस्टइंडीज को शिकस्त दी। दक्षिण अफ्रीका ने सेमीफाइनल में छह बार की चैम्पियन और खिताब के दावेदार ऑस्ट्रेलिया को हराया था लेकिन फाइनल में यह टीम दबाव में एक बार फिर बिखर गई। न्यूजीलैंड ने फाइनल में पांच विकेट पर 158 रन बनाने के बाद दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट पर 126 रन पर रोक दिया। न्यूजीलैंड के लिए अमेलिया केर ने 38 गेंदों पर 43 रन बनाए और फिर 24 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने ब्रूक हैलिडे (38) के साथ चौथे विकेट के लिए 44 गेंद में 57 रन की साझेदारी कर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया।

कप्तान सूजी बेट्स ने भी 32 रन का योगदान दिया। फाइनल में 25 रन पर तीन विकेट लेने वाली न्यूजीलैंड की गेंदबाज रोजमेरी मायेर ने कहा, 'इमानदारी से कहूं तो यह अविश्वसनीय है।' उन्होंने कहा, 'हम बस एक-दूसरे की बहुत परवाह करते हैं। पिछले 18 महीनों में हम कई कठिनाइयों से गुजरे हैं और हम एक-दूसरे के साथ बने रहे और एक-दूसरे के लिए कड़ी मेहनत करते रहे।'

कप्तान के तौर पर सोफी डिवाइन का यह न्यूजीलैंड के लिए आखिरी मैच था। उन्होंने बेट्स के साथ 2009 से अब तक आयोजित सभी नौ टी20 विश्व कप में खेले हैं। न्यूजीलैंड 2009 और 2010 में पहले दो टूर्नामेंटों के फाइनल में पहुंचा था। दोनों मौकों पर उसे ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था।

बेट्स ने कहा, ''हमारे लिये यह सब कुछ है। जब आप टीम मैच खेलते हैं, तो आप विश्व चैंपियन बनना चाहते हैं।' उन्होंने कहा, 'हमने शीर्ष पर वापसी के लिए संघर्ष किया है। वह (डिवाइन) इस टीम का बहुत शानदार तरीके से नेतृत्व कर रही हैं। वह बहुत शांत स्वभाव की है और सभी खिलाड़ियों पर भरोसा करती है। हम शायद बाद में और भी लंबे समय तक गले मिलेंगे क्योंकि हमने एक साथ कुछ बुरे समय भी देखे हैं और यह बात सिर्फ हमारे ड्रेसिंग रूम के लोग ही समझ सकते हैं।'

## केएल राहुल बनाम सरफराज खान, रोहित शर्मा ने कहा- 'यह बहुत सरल है'




**बेंगलुरु (एजेंसी)।** पहले टेस्ट में न्यूजीलैंड से मिली हार के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने संकेत दिया कि वे पुणे में गुरुवार 24 अक्टूबर से शुरू होने वाले दूसरे मैच के लिए बदलाव कर सकते हैं। पहले टेस्ट में 46 रन पर आउट होने के बाद दूसरी पारी में रोहित और उनकी टीम के बेहतरीन प्रदर्शन के बावजूद न्यूजीलैंड ने 1988 के बाद से भारत में अपनी पहली टेस्ट जीत दर्ज की। 107 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए जसप्रीत बुमराह (2/29) ने भारत के लिए प्रदर्शन किया लेकिन विल यंग (48*) और रचिन रवींद्र (39*) ने मेहमान टीम को सीरीज में 1-0 की बढ़त दिला दी।

गर्दन में अकड़न के कारण सीरीज के पहले मैच के लिए शुभमन गिल को बाहर करना पड़ा। उनकी जगह लेने वाले सरफराज अहमद पहली पारी में शून्य पर आउट होने के बाद दूसरी पारी में 150 रन बनाकर लौटे। बेंगलुरू में हार के बाद रोहित ने पुष्टि की कि गिल पहले टेस्ट से चूकने के बाद 'ठीक' हैं। उन्होंने संकेत दिया कि युवा बल्लेबाज दूसरे टेस्ट के लिए प्लेइंग 11 में वापस आ सकते हैं। उस स्थिति में भारत सरफराज या अनुभवी केएल राहुल में से किसी एक को बाहर कर सकता है, जो एक बार फिर नंबर 6 स्थान पर अपना स्थान बनाने में विफल रहे। केएल राहुल बनाम सरफराज खान बहस के बीच रोहित ने राहुल, गिल और सरफराज से जुड़ी स्थिति को संबोधित किया। भारतीय कप्तान ने जोर देकर कहा कि टीम में हर कोई जानता है कि वे अपने करियर में कहां खड़े हैं और उन्हें क्या करने की जरूरत है। भारतीय कप्तान ने कहा, 'देखिए, मैं ऐसा व्यक्ति नहीं हूं जो हर मैच के बाद लोगों से बात करता हो। उन्हें पता है कि वे अपने खेल में कहां खड़े हैं, अपने करियर में कहां खड़े हैं। हम एक मैच, एक सीरीज के आधार पर अपनी मानसिकता नहीं बदलते। संदेश काफी पहले ही दिए जाते हैं और उन्हें पता होता है कि वे कहां खड़े हैं और टीम की स्थिति क्या है। मुझे नहीं लगता कि मैं उनसे जो बात कर रहा हूं, उससे अलग कुछ बात करने जा रहा हूं।'

उन्होंने कहा, 'यह बहुत सरल है, जिस किसी को भी अवसर मिलता है, उसे खेल पर प्रभाव डालने की कोशिश करनी चाहिए। यह एक सरल संदेश है जिसके बारे में हम बात करते रहते हैं और इस तरह के खिलाड़ियों का खेल खेलने के लिए इंतजार करना हमेशा अच्छा होता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण था कि शुभमन इस खेल से चूक गए, सरफराज को अवसर मिला और उन्होंने बड़ा शतक बनाया। यह टीम के लिए एक अच्छा संकेत है।'

## वर्षा बाधित मैच में श्रीलंका ने वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराया




**पल्लेकेले (एजेंसी)।** श्रीलंका ने वर्षा बाधित एकदिवसीय मुकाबले में वेंस्टइंडीज को पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं। रविवार देर रात खेले गए मुकाबले में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही। उसने आठवें ओवर में ब्रैंडन किंग (14) का विकेट गवां दिया।

वेस्टइंडीज ने 25 ओवर में 100 रन स्कोर तक अपने चार विकेट गवां दिए थे। केसी कार्टी (37), ऐलेक ऐथनेज (10) और शो होप (पांच) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद शरफेन रदरफोर्ड और रॉस्टन चेज ने धीकी गति से रन बनाए और विकेट नहीं गिरने दिया। शरफेन रदरफोर्ड ने (नाबाद 77) और रॉस्टन चेज ने (नाबाद 33) रन बनाए। बारिश के कारण ओवरों की संख्या घटा दी गई। वेस्टइंडीज ने 38.3 ओवर में चार विकेट पर 185 रन बनाए। श्रीलंका की ओर से वानिंदु हसरंगा ने दो विकेट लिए।

# दीपिका ने तीरंदाजी विश्व कप फाइनल में पांचवां रजत पदक जीता, धीरज हारे




**टिलेक्सकला (मैक्सिको) (एजेंसी)।** भारत की शीर्ष रिकर्व तीरंदाज दीपिका कुमारी ने विश्व कप फाइनल में पांचवां रजत पदक जीता। वह फाइनल में चीन की लि जियामैन से 0.6 से हार गई। दिसंबर 2022 में अपनी बेटी के जन्म के बाद विश्व कप फाइनल में लौटी चार बार की ओलंपियन दीपिका को आठ तीरंदाजों में तीसरी वरीयता मिली थी। सेमीफाइनल तक दीपिका को कोई दिक्कत नहीं हुई लेकिन स्वर्ण पदक के मुकाबले में वह पेरिस ओलंपिक में टीम स्पर्धा का रजत पदक जीतने वाली जियामैन से हार गई। दीपिका नौवीं बार विश्व कप फाइनल खेल रही थी। भारत के लिए विश्व कप फाइनल में सिर्फ डोला बनर्जी ने स्वर्ण पदक जीता था जब दुबई में 2007 में वह अव्वल रही थी। पुरूषों के रिकर्व वर्ग में धीरज बोम्मादेवरा 4.2 से आगे रहने के बावजूद पहले दौर में पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता दक्षिण कोरिया के ली वू सियोक से हार गए। पांच सदस्यीय भारतीय दल में तीन कंपाउंड और दो रिकर्व तीरंदाज थे। भारत की झोली में सिर्फ एक पदक गिरा।

सेमीफाइनल में मैक्सिको की अलेजांद्रा वालेंशिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाली दीपिका उस लय को कायम नहीं रख सकी। पहला सेट उसने एक अंक से (26 . 27) गंवाया। दूसरे सेट में वापसी की लेकिन ली ने 30.28 से जीता। तीसरे सेट में ली ने 27.25 से जीत दर्ज की। पुरूषों के रिकर्व वर्ग में धीरज अकेले भारतीय चुनौती पेश कर रहे थे। उन्हें 4-6 (28-28, 29-26, 28-28, 26-30, 28-29) से पराजय झेलनी पड़ी।

## वीरु ने क्या दी... बाबर आजम को सलाह

नई दिल्ली। भारत के पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को फॉर्म हासिल करने के लिए घरेलू क्रिकेट में वापसी की सलाह दी है। वीरु का यह बयान आजम के हालिया खराब फॉर्म को लेकर आया है। पिछले डब्ल्यूटीसी चक्र में बाबर का प्रदर्शन चिंता का विषय रहा, जिसमें उन्होंने 2023 में पांच टेस्ट मैचों में औसतन 22.66 रन बनाए, और 2024 में चार टेस्ट मैचों में उनका औसत 18.50 रहा। पाकिस्तान ने हाल ही में मुल्तान में इंग्लैंड को 152 रनों से हराकर घरेलू टेस्ट में अपनी हार का सिलसिला खत्म किया। इस मैच से पहले पाकिस्तान ने टीम में कई बदलाव किए, इसमें बाबर आजम, शाहीन अफरीदी और नसीम शाह को बाहर किया गया। पाकिस्तान के सहायक कोच अजहर महमूद ने कहा कि इन तीनों खिलाड़ियों को व्हाइट-बॉल दौरे के लिए आराम दिया गया था। इस निर्णय के बाद बाबर के भविष्य को लेकर सवाल उठने लगे हैं। सहवाग ने पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर के यूट्यूब चैनल पर कहा, बाबर को अब घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिए। इतना ही नहीं बाबर को अपनी फिटनेस पर काम करना चाहिए, परिवार के साथ समय बिताना चाहिए, जिससे वे शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर सके।

## हार्ट सर्जरी के बाद यश धुल की धमाकेदार वापसी, रणजी ट्रॉफी में लगाया शतक, बोले- यह जीवन है




नई दिल्ली। तमिलनाडु के खिलाफ रविवार को एलीट ग्रुप डी रणजी ट्रॉफी मैच के दौरान अपने शतक के बाद दिल्ली के युवा बल्लेबाज यश धुल ने जुलाई में हार्ट सर्जरी के बाद वापसी पर आभार व्यक्त किया। दिल्ली के लिए पहली पारी में धुल 189 गेंदों में 11 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 103* रन बनाकर नाबाद हैं। दिल्ली 264/8 पर 410 रन से पीछे है जबकि तमिलनाडु ने पहली पारी में 674/6 के विशाल स्कोर के साथ घोषित की। धुल दिल्ली के लिए किला संभाले हुए हैं और जितना संभव हो सके घाटे को कम करना चाहेंगे। हालांकि धुल ने कहा कि उनके सामने जो समस्या थी वह मामूली थी, लेकिन अगर इसे अनदेखा किया जाता तो यह कुछ गंभीर समस्याएं पैदा कर सकती थी। दिन के खेल के बाद धुल ने कहा, 'यह मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण पारी थी, क्योंकि यह सर्जरी के बाद की पारी थी।' उन्होंने कहा, 'मैंने बहुत कुछ देखा है। जब आप इस तरह के मंच पर खेलने के लिए वापस आते हैं और एक नई पारी शुरू करते हैं, तो यह अच्छी प्रेरणा और सकारात्मक संकेत होता है।' सर्जरी का विकल्प चुनने के कारण होने वाली समस्या के बारे में बात करते हुए धुल ने कहा, 'मुझे पता चला कि यह मामूली है और जन्म से [जन्मजात] है। लेकिन मैं फिर से मैदान पर खेल रहा हूं, यह भगवान की कृपा है। मैं धन्य हूं। मुझे बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में एक शिविर के दौरान [इस समस्या] पता चला। यह जीवन है। कुछ न कुछ होता रहता है।'

## बजरंग और विनेश के ट्रायल्स से छूट लेने से विरोध प्रदर्शन की छवि प्रभावित हुई : साक्षी मलिक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पूर्व पहलवान साक्षी मलिक ने कहा कि पिछले साल विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया का एशियाई खेलों के ट्रायल्स से छूट लेने के फैसले से बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ उनके विरोध प्रदर्शन की छवि प्रभावित हुई क्योंकि इससे यह अभियान स्वार्थी दिखने लगा। साक्षी इस विरोध प्रदर्शन के तीन मुख्य पहलवानों में से एक थीं, उन्होंने हाल में रिलीज हुई अपनी किताब 'विटनेस% में इसके अलावा अपने करियर के संघर्षों के बारे में भी लिखा है।

उन्होंने लिखा कि जब बजरंग और विनेश के करीबी लोगों ने उनके दिमाग में लालच भरना शुरू किया तो उनके विरोध प्रदर्शन में दरार आने लगी। इन तीनों ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख शरण सिंह पर अपने कार्यकाल के दौरान महिला पहलवानों के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप लगया था और मामला दिल्ली की अदालत में चल रहा है।

डब्ल्यूएफआई के निलंबन के बाद तदर्थ समिति ने कुश्ती का कामकाज देखना शुरू किया जिसने बजरंग और विनेश को 2023 एशियाई खेलों के ट्रायल्स में छूट दी लेकिन साक्षी ने अपने साथियों के सुझाव के बावजूद ऐसा नहीं करने का फैसला किया। अंत में साक्षी हिस्सा नहीं ले सकीं लेकिन विनेश खेलों से पहले चोटिल हो गईं और बजरंग पदक जीतने में असफल रहे। साक्षी की आत्मकथा के जोनाथन सेल्वाराज सह लेखक हैं। इसमें साक्षी ने हालांकि उन लोगों के नाम का खुलासा नहीं किया जिन्होंने बजरंग और विनेश को प्रभावित किया।


साक्षी ने लिखा, 'पहले की तरह स्वार्थी सोच फिर से हावी होने लगी। बजरंग और विनेश के करीबी लोगों ने उनके दिमाग में लालच भरना शुरू कर दिया। वे खेलों के लिए ट्रायल्स से छूट लेने की बात करने लगे।' उन्होंने लिखा, 'बजरंग और विनेश के ट्रायल्स से छूट लेने का अच्छा असर नहीं पड़ा। इससे हमारे विरोध प्रदर्शन की छवि बुरी तरह प्रभावित हुई। इससे हम ऐसी स्थिति में पहुंच गए जिसमें कई समर्थकों ने यह सोचना शुरू कर दिया कि हम अपने स्वार्थ के लिए यह विरोध कर रहे हैं।'

विनेश और बजरंग दोनों इस महीने के शुरू में हरियाणा विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस पार्टी से जुड़ गए। विनेश जुलाना विधानसभा से जीत गईं जबकि बजरंग पार्टी की राष्ट्रीय किसान इकाई के प्रमुख बने। साक्षी ने किताब में बताया कि बचपन में ट्यूशन देने वाले शिक्षक से छेड़छाड़ के बारे में वह अपने परिवार को नहीं बता सकीं थीं क्योंकि उन्हें लगता था कि यह उनकी गलती थी।



उन्होंने लिखा, 'मैं इसके बारे में अपने परिवार को नहीं बता सकी क्योंकि मुझे लगा कि यह मेरी गलती थी। मेरे स्कूल के दिनों में ट्यूशन देने वाला शिक्षक मुझे प्रताड़ित करता। वह मुझे क्लास लेने के लिए बेवक्त अपने घर बुलाता और कभी कभार मुझे छूने की कोशिश करता। मैं ट्यूशन क्लास के लिए जाने के लिए डरी रहती लेकिन मैं अपनी मां को नहीं बता सकी।' किताब में साक्षी ने अपने करियर के शुरूआती संघर्षों के अलावा पूर्व पहलवान बबीता फोगाट पर अपने स्वार्थ के लिए विरोध प्रदर्शन का फायदा उठाने का आरोप भी लगाया।

## रियल मैड्रिड के लिए खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने लुका मोड्रिक




पोंटेवेद्रा (स्पेन)। लुका मोड्रिक ने रियल मैड्रिड के इतिहास में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। 39 साल और 40 दिन की उम्र में विगो के बैलाडोस स्टेडियम में सेल्टा के खिलाफ मैदान पर उतरकर वह रियल मैड्रिड के इतिहास में आधिकारिक मैच खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। इस मैच में उतरकर उन्होंने हंगरी के दिग्गज खिलाड़ी फेरेंक पुस्कस का 1966 का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 39 साल और 36 दिन की उम्र में अपना आखिरी आधिकारिक मैच खेला था। इसके साथ ही, लुका ने रियल मैड्रिड के लिए अपनी 250वीं लालिगा जीत भी दर्ज की, जो कि उनके करियर का एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। वह क्लब के साथ अपने 13वें सीज़न में हैं और 369वां लालिगा मैच खेल रहे हैं। मॉड्रिक ने 2012 में लालिगा में पदार्पण किया था और तब से उन्होंने रियल मैड्रिड को 4 लालिगा चैंपियनशिप जीतने में मदद की है। मोड्रिक ने अब तक रियल मैड्रिड के लिए 547 मैचों में 27 खिताब जीते हैं, जिनमें 6 यूरोपीय कप, 5 क्लब विश्व कप, 5 यूरोपीय सुपर कप, 4 स्पेनिश लीग खिताब, 2 स्पेनिश कप, और 5 स्पेनिश सुपर कप शामिल हैं, जो उन्हें क्लब के सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक बनाता है।

## हॉकी का ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेल से बाहर होना तय, सीजीएफ , एफआईएच ने साधी चुप्पी




**मेलबर्न (एजेंसी)।** हॉकी का 2026 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर होना तय है क्योंकि मेजबान शहर ग्लासगो लागत में कटौती करना चाहता है। इसकी जानकारी यहां कई मीडिया रिपोर्ट में दी गई है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) और राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) दोनों इस मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं। हॉकी को 1998 में राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल किया गया था और तब से वह इन खेलों का अभिन्न अंग बना रहा लेकिन मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि ग्लासगो खेलों के आयोजक नेट बॉल और रोड रेसिंग के साथ हॉकी को भी खेलों से हटाना चाहते हैं।

राष्ट्रमंडल खेल 2026 आयोजन पहले ऑस्ट्रेलिया के राज्य विक्टोरिया में होना था लेकिन वह बढ़ती लागत के कारण मेजबानी से हट गया था। इसके बाद स्कॉटलैंड ने इन खेलों की मेजबानी करने के लिए कदम बढ़ाया। खेलों का कार्यक्रम मंगलवार को घोषित किया जाना है। इस संदर्भ में पीटीआई ने जब अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) से संपर्क किया तो उसने कार्यक्रम के आधिकारिक तौर पर जारी होने तक टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। एक अधिकारी ने कहा, ''एक-दो दिन में स्थिति स्पष्ट हो जाएगी और आपको जानकारी मिल जाएगी। हमारी तरफ से जब तक सीजीएफ से कोई आधिकारिक बातचीत नहीं हो जाती तब तक हम इस पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकते हैं।''

सीजीएफ ने भी ऐसी ही प्रतिक्रिया दी। हॉकी का खेलों से बाहर रहना इसलिए भी तय माना जा रहा है क्योंकि इन खेलों का आयोजन 23 जुलाई से दो अगस्त तक किया जाएगा जबकि इसके तुरंत बाद 15 से 30 अगस्त तक वावरे, बेल्जियम और अम्स्टेलवीन, नीदरलैंड में हॉकी विश्व कप आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रमंडल खेलों से हॉकी का बाहर होना भारत के लिए एक बड़ा झटका होगा क्योंकि उसकी पुरुष टीम इस खेल में तीन बार की रजत विजेता और दो बार की कांस्य पदक विजेता है। महिलाओं ने एक स्वर्ण सहित तीन पदक जीते हैं।

## भारत–ऑस्ट्रेलिया के सामने जो रूट की होगी परीक्षा : चैपल

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर इयान चैपल ने इंग्लैंड के प्रमुख बल्लेबाज जो रूट की शानदार रन बनाने की क्षमता पर बात करते हुए कहा है कि आने वाले 12 मैचों में रूट को भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। रूट ने अब तक 148 टेस्ट मैचों में 12,716 रन बनाए हैं, जिसमें पिछले ढाई वर्षों में 10 शतक शामिल हैं। उन्होंने इंग्लैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड भी सर एलिस्टर कुक से छीन लिया है। अपने एक कॉलम में चैपल ने लिखा कि पाकिस्तान के खिलाफ स्पिन की मदद से 3 मैचों की सीरीज में संतुलन बनाने के बाद रूट का प्रदर्शन और भी देखने लायक होगा। उन्होंने कहा कि रूट स्वाभाविक रूप से रन बनाने के लिए बने हैं और भारत के खिलाफ अपनी पहली टेस्ट पारी में 73 रन बनाकर उन्होंने अपनी क्षमता दिखाई थी। रूट की बल्लेबाजी शैली को सराहते हुए चैपल ने कहा कि वह हर मौके पर रन बनाने की भूख रखते हैं और इंग्लैंड के लिए महत्वपूर्ण पारियां खेलने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। आने वाले समय में रूट की असली परीक्षा भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होगी। इन दो कठिन श्रृंखलाओं में उन्हें टेस्ट क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों का सामना करना पड़ेगा। इन दोनों टीमों के आक्रमण में तेज गेंदबाज और स्पिनर दोनों शामिल हैं, जो रूट की तकनीक की गंभीर जांच करेंगे। चैपल ने कहा कि ये चुनौतियां रूट और इंग्लैंड दोनों के लिए बेहद कठिन होंगी। इसके अलावा, चैपल ने यह भी उल्लेख किया कि रूट ने अब तक ऑस्ट्रेलिया में एक भी टेस्ट शतक नहीं बनाया है, भले ही उन्होंने वहां 27 पारियां खेली हैं। उनका औसत लगभग 35 का है और उन्होंने 9 अर्धशतक बनाए हैं, लेकिन शतक का सूखा बना हुआ है। ऑस्ट्रेलियाई पिचों पर रूट तेज गेंदबाजों के शिकार बने हैं, जो उनकी कमजोरी का संकेत देता है। विशेष रूप से, वह कई बार विकेट के पीछे कैच आउट हुए हैं, जो पिचों की अतिरिक्त उछाल के कारण है। चैपल ने कहा कि रूट को इन पिचों का बेहतर आकलन करने की जरूरत है ताकि वह इन परिस्थितियों में और बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

# मयंक यादव भारतीय तेज गेंदबाजी की कमान संभालेंगे: मोहम्मद शमी

**गुरुग्राम (हरियाणा) (एजेंसी)।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव की तारीफ की है और उन्हें भारतीय गेंदबाजी का भविष्य बताया है। शमी ने खुद को 100 फीसदी फिट और गेंदबाजी के लिए तैयार बताया है। उनका मानना है कि मयंक यादव और हर्षित राणा जैसे युवा भारतीय तेज गेंदबाजी की कमान संभाल सकते हैं।

चोट के बावजूद इस टूर्नामेंट में खेलने वाले 34 वर्षीय शमी ने 10.70 की शानदार औसत से 24 विकेट लेकर भारत को 2023 वनडे विश्व कप में उपविजेता बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। शमी अब अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता दे रहे हैं। फरवरी में लंदन में सर्जरी के बाद यह तेज गेंदबाज बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अपनी रिकवरी पर काम कर रहा है।

शमी ने कहा, 'भारतीय क्रिकेट के लिए सबसे अच्छी बात यह है कि हमारी तेज गेंदबाजी की ताकत वास्तव में बढ़ गई है। पहले हमारे पास कुछ ही गेंदबाज हुआ करते थे जो 140-145 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते थे, लेकिन अब बेंच पर बैठे गेंदबाज भी 145 से ऊपर की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहे हैं। तेज गेंदबाजी में जिन नामों ने मुझे वास्तव में प्रभावित किया है उनमें से एक नाम मयंक यादव का है। वह वास्तव में प्रभावशाली हैं, वह ऐसे खिलाड़ी हैं जो भविष्य में भारतीय तेज गेंदबाजी की बागडोर संभालेंगे।' शमी ने कहा, 'हमने 2014 से एक इकाई के रूप में काम किया है। भारत के पास कभी भी एक समय में तीन गेंदबाज नहीं थे जो 140 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी कर सकें। अब हमारे पास बेंच पर कुछ ऐसे हैं जो 145 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी कर सकते हैं। यह पीढ़ी जानती है कि कैसे जवाबी हमला करना है और हमने विदेशों में यह दिखाया है।'




समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com



# आदित्य रॉय कपूर ने रिलेशनशिप को लेकर किया खुलासा

**बॉलीवुड अभिनेता आदित्य रॉय कपूर अपनी फिल्मों के लिए कम लेकिन अपने रिलेशनशिप को लेकर लगातार चर्चा में बने रहते हैं। हाल ही में आदित्य बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर के टॉक शो व्हाट वीमेन वांट में रिलेशनशिप को लेकर कई खुलासे किए।**

आदित्य का कथित तौर पर इस साल की शुरुआत में अनन्या पांडे से ब्रेकअप हो गया था। फिल्म आशिकी में उनकी भूमिका सभी को पसंद आई। हालांकि, इस फिल्म में उनके द्वारा निभाए गए परेशान आशिक के किरदार से वह खुद को संबंधित नहीं मानते।

जब शो के दौरान करीना ने पूछा कि आपकी तीन सबसे पसंदीदा खूबियां क्या हैं?, तो आदित्य ने बिना कोई देरी के कहा, मैं बहुत हैंडसम हूं, मैं आकर्षक हूं। इसके बाद करीना ने आदित्य ने पूछा कि बहुत सी महिलाएं आपके रिलेशनशिप स्टेटस के बारे में जानना चाहती हैं। इस पर आदित्य ने कहा, क्या चिल करना भी कोई स्टेटस है? आगे आदित्य ने कहा, मैं चिलर हूं।

आदित्य रॉय कपूर ने अपने करियर के बारे में बात करते हुए कहा, एक फिल्म जिसने मेरे करियर की दिशा बदल दी, वह थी आशिकी। ऐसा नहीं है कि मैं उस किरदार से इसलिए जुड़ा क्योंकि वह एक शराबी था। करीना ने आदित्य से पूछा कि वह रिश्ते में घोस्टिंग से कैसे निपटते हैं। आदित्य ने कहा कि वह उस शख्स को ब्लॉक करना पसंद करते हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अनन्या और आदित्य करीब दो साल तक साथ रहने के बाद कुछ समय पहले अलग हो चुके हैं। 2022 में, अनन्या और आदित्य के रिलेशनशिप में होने की खबरें हर जगह फैली हुई थीं, जिसने हर किसी का ध्यान अपनी ओर आर्कषित किया।



# अपनी छवि को पीआर की बनावट कहने पर बोलीं सारा

सारा अली खान हिंदी फिल्मों की जानी-पहचानी अभिनेत्री हैं। वह इंडस्ट्री की उन चुनिंदा स्टार किड्स में से हैं, जो अक्सर चर्चा में रहती हैं। उन्होंने कुछ फिल्मों में अपने अभिनय के लिए वाह-वाही भी बटोरी है। सारा ने साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म केदारनाथ से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद से अब तक अपने छह साल के अभिनय करियर में वह फिल्मों के अलावा उनके मस्तीभरे व्यवहार और फैशन सेंस की वजह से भी उन्होंने काफी चर्चा बटोरी है। उनकी एक खास छवि बनी है, जिसे लेकर कई बार कहा जाता है कि ये उनकी पीआर टीम के द्वारा बनाई गई है।

सारा, बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान और मशहूर अभिनेत्री अमृता सिंह की बेटी हैं। इस वजह से कई बार वो ट्रोलर्स के निशाने पर भी होती हैं, जो उन्हें नेपोटिज्म को लेकर ट्रोल करते हैं। हालांकि, हार्पर बाजार से बातचीत के दौरान अभिनेत्री ने खुद का बचाव करते हुए अपनी छवि को लेकर कही जा रही बातों पर जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी छवि कुछ भी हो सकती है, लेकिन ये पीआर द्वारा बनाई गई नहीं है।

इस बातचीत के दौरान उनसे पूछा गया कि क्या ये एक सोचा-समझा फैसला था कि उन्हें काफी समान दिखाया जाए। इस पर जवाब देते हुए अभिनेत्री ने कहा कि उन्होंने अपनी खास तरह की छवि बनाने की कोई कोशिश नहीं की है। अभिनेत्री ने कहा, मुझे नहीं लगता कि मैंने कुछ लोगों की निराशा के लिए, खुद की छवि बनाने में कोई ऊर्जा खर्च की है। यह कुछ ऐसा है, जो मैं कैमरे के लिए करूंगी, जहां मैं किरदारों का निर्माण करती हूं। असल जिंदगी में मैं बस वही हूं, जो मैं हूं, फिर चाहे वो पांच जोड़ी शॉर्ट्स पहनकर जिम जाने वाली लड़की हो या एथलीजर पहनकर एयरपोर्ट जाने वाली।

सारा ने इस दौरान अपने बचपन को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा कि उनका और उनके भाई इब्राहिम अली खान का पालन-पोषण लोगों की अपेक्षा से अलग तरीके से हुआ। उन्होंने कहा कि मां अमृता के साथ उनका बचपन सामान्य जीवन की तरह गुजरा। अभिनेत्री ने कहा,हम वीडियो गेम खेलने या फूड कोर्ट में खाने के लिए मॉल जाते थे। यही वह जीवन है, जिसकी मैं बड़ी होकर आदी हो गई थी। आज, मैं अपने काम की सराहना करती हूं, लेकिन जब मैं काम नहीं कर रही होती हूं, तो जिम, कैफे, यात्रा करना पसंद करती हूं।मैं बस अपने व्यक्तित्व को बहुत गंभीरता से नहीं लेती और मैं वही करती हूं, जो मुझे अच्छा लगता है।

बता दें कि सारा आखिरी बार नेटफ्लिक्स की फिल्म मर्डर मुबारक और ऐ वतन मेरे वतन में नजर आई थीं। ऐ वतन मेरे वतन में उनके अभिनय को फैंस ने काफी पसंद भी किया। इन दिनों सारा अपनी आगामी फिल्म मेट्रो इन दिनों, स्काई फोर्स और ईगल को लेकर व्यस्त हैं।

# कुशाल टंडन ने की शिवांगी जोशी के साथ रिश्ते में होने की बात



अभिनेता कुशाल टंडन ने अभिनेत्री शिवांगी जोशी के साथ रिलेशनशिप को लेकर हामी भर दी है। शिवांगी और कुशाल टंडन को कई बार एक साथ देखा जाता था, लेकिन दोनों ने कभी अपने रिलेशन को लेकर हां नहीं की। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में कुशाल ने शिवांगी के साथ रिश्ते में होने की बात कंफर्म की है। कुशाल ने इंटरव्यू में कहा कि दोनों इस रिश्ते में धीरे-धीरे आगे बढ़ रहे हैं।

### मां मुझे शादीशुदा देखना चाहती हैं

इंटरव्यू में कुशाल टंडन ने शिवांगी जोशी से शादी के बारे में पूछने के बाद ही इस बारे में बात की है। कुशाल ने कहा, मैं अभी शादी नहीं करूंगा लेकिन मैं प्यार में हूं। हम इस रिश्ते को बहुत ही धीरे-धीरे आगे ले जा रहे हैं। मेरी मां मुझे शादीशुदा देखना चाहती हैं, उनका बस चले तो मेरी आज ही शादी करवा दें।

### मेरे माता-पिता ने लड़की तलाश रोक दी

कुशाल टंडन ने अपनी शादी को लेकर कहा कि शादी कब होगी अभी कंफर्म नहीं है, लेकिन कभी भी कुछ भी हो सकता है। कुशाल ने कहा, और वैसे देखा जाए तो कुछ भी हो सकता है, कभी भी। उन्होंने कहा कि उन्हें अपनी लेडीलव मिल गई है, हमारा मैच बिल्कुल सही है। कुशाल टंडन ने कहा कि एक अच्छी लड़की की तलाश अब मेरे माता पिता की तरफ से रोक दी गई है।

### बरसातें धारावाहिक में किया था साथ में काम

शिवांगी जोशी को टीवी धारावाहिक बरसातें- मौसम प्यार का में साथ में देखा गया था। कुशाल और शिवांगी की जोड़ी को इस शो से काफी प्यार मिला था। शो बाद उनकी ऑफ स्क्रीन केमिस्ट्री ही काफी अच्छी रही। कुशाल को एक हजारों में मेरी बहना है में देखा गया था। शिवांगी जोशी को सबसे पहले ये रिश्ता क्या कहलाता है सीरियल में देखा गया था।

# दिनेश विजान की फिल्म में नजर आ सकते हैं सिद्धार्थ-कियारा

एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा और एक्ट्रेस कियारा आडवाणी ने साल 2023 की शुरुआत में शादी कर ली थी। दोनों ने इससे पहले साल 2021 में आई सुपरहिट फिल्म 'शेरशाह' में साथ काम किया था। इसके बाद वे किसी भी फिल्म में साथ नहीं दिखे। हालांकि अब लगता है कि यह जोड़ी एक बार फिर से पर्दे पर दिख सकती है। इस फिल्म को लेकर जानकारी सामने आई है। फिल्म दिनेश विजान की प्रोडक्शन कंपनी मैडॉक फिल्म्स बनाने वाली है। ये वही कंपनी है, जिसने 'स्त्री 2' बनाई है, जिसने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 800 करोड़ रुपए से ज्यादा का बिजनेस कर लिया। इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट की मानें तो सिद्धार्थ और कियारा ने इस फिल्म के लिए मैडॉक फिल्म्स के साथ बातचीत शुरू कर दी है। ये एक टिपिकल बॉलीवुड लव स्टोरी नहीं होगी। इस फिल्म में रोमांस के साथ फैंटेसी एलिमेंट्स का भी तड़का लगाया जाएगा, जो इसे बाकियों से अलग बनाएगा। हालांकि फिल्म के प्लॉट को लेकर कोई जानकारी नहीं मिली। मैडॉक ऑडियंस के लिए एक फ्रेश और इंटरेस्टिंग फिल्म बना रही है। 'शेरशाह' की बात करें तो विष्णुवर्धन के डायरेक्शन में बनी फिल्म कारगिल वॉर के हीरो भारतीय सेना अधिकारी कैप्टन विक्रम बत्रा पर बेस्ड थी। फिल्म करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनी थी।





# 'अल्फा' की शूटिंग के लिए कश्मीर पहुंचीं आलिया भट्ट

आलिया भट्ट अभिनीत और यशराज फिल्म्स की स्पाई यूनिवर्स की आगामी फिल्म 'अल्फा' बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। आलिया भट्ट इस एक्शन थ्रिलर में शरवरी के साथ मुख्य भूमिका में हैं। दोनों अभिनेत्रियां पिछले कुछ महीनों से इसकी शूटिंग कर रही हैं। हाल ही में फिल्म का नया शेड्यूल जारी हुआ और अभिनेत्री एक बार फिर कश्मीर लौटी हैं। कश्मीर से अभिनेत्री की कुछ अनदेखी तस्वीरें सामने आई हैं। इन तस्वीरों में आलिया अपनी प्राकृतिक सुंदरता बिखेरती हुई नजर आ रही हैं। 18 अक्टूबर, 2024 को, कश्मीर में आलिया भट्ट की मेजबानी करने वाले होटल ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अभिनेत्री की शानदार तस्वीरें साझा कीं। तस्वीरों में आलिया नेवी ब्लू पैंट के साथ एक सफेद कार्डिगन पहने हुए दिखाई दे रही थीं, जिसके साथ उन्होंने गले में एक सफेद मफलर पहना हुआ था। उन्होंने बिना मेकअप के लुक अपनाया और एक हाथ में हैंडबैग पकड़े हुए अपने बालों को बन में स्टाइल किया है। तस्वीर में एक और व्यक्ति उन्हें एक एंटीक चीज भेंट करते हुए दिखाई दे रहा है। पोस्ट के कैप्शन में लिखा गया है, 'आलिया भट्ट, आपकी मेजबानी करना खुशी की बात थी! आपकी उपस्थिति ने कश्मीर की सुंदरता में एक अतिरिक्त चमक ला दी। हम आपकी अगली यात्रा का इंतजार कर रहे हैं।'

अगस्त की शुरुआत में आलिया भट्ट और शरवरी वाघ कश्मीर में शूटिंग कर रही थीं, जहां दोनों ने अपने इंस्टाग्राम पर एक दिल को छू लेने वाली तस्वीर शेयर की थी। वह दोनों एक नदी के पास एक खूबसूरत जगह पर कैमरे से दूर सर्दियों की जैकेट पहने हुए, एक-दूसरे को गले लगाते हुए नजर आई थीं। उन्होंने पोज देते हुए अपने हाथों से दिल का आकार बनाया। उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया, 'लव, अल्फा!' 'अल्फा' का निर्देशन शिव रवैल ने किया है और आदित्य चोपड़ा ने इसे प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म क्रिसमस की छुट्टियों के दौरान 25 दिसंबर, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। वहीं, आलिया संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' में भी नजर आएंगी।



# कार्तिक आर्यन की सफलता में इनकी है अहम भूमिका

कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म भूल भुलैया 3 को लेकर काफी चर्चा में हैं। उनके फैंस उनकी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इंडस्ट्री में बाहर से आकर अपने लिए एक मुकाम बनाना किसी भी कलाकार का एक सपना होता है, जिसे कार्तिक ने अपनी मेहनत और लगन से पूरा किया है। हालांकि, कार्तिक ने अपनी इस सफलता में अहम भूमिका निभाने का श्रेय दो अन्य लोगों को दिया है। ये दो लोग कोई और नहीं हैं, बल्कि अभिनेता ने अपनी मां और अपनी बहन को अपनी सफलता में अहम भूमिका निभाने का श्रेय दिया है।

कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आगामी हॉरर कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया 3 का जोर-शोर से प्रमोशन कर रहे हैं। हाल में ही वह प्रमोशन के लिए इंदौर में थे, जहां अभिनेता से उनकी सफलता में अहम भूमिका निभाने वाले लोगों को लेकर सवाल पूछा गया है। इसके जवाब में कार्तिक ने बिना देरी करते हुए अपनी मां और बहन का नाम लिया। अभिनेता ने कहा,मेरे मामले में, यह मेरी मां और बहन हैं। इस बातचीत के दौरान भूल भुलैया 3 अभिनेता ने अपनी आगामी फिल्म को लेकर कई संकेत भी दिए, जिससे ये साफ होता है कि इस बार फिल्म काफी डरावनी और मजेदार होने वाली है। कार्तिक ने कहा, ऐसी कई चीजें हैं, जो इस किस्त को पिछले दो से अलग बनाती हैं। इस नए किस्त में, दर्शकों को और भी ज्यादा डरावनी चीजें देखने को मिलेंगी। दिग्गज अभिनेत्रियां विद्या बालन और माधुरी दीक्षित भी तीसरे भाग का हिस्सा होंगी – सिर्फ उनके नाम ही फिल्म में चार चांद लगा देते हैं। कार्तिक आर्यन ने इस बातचीत के दौरान अपनी फिल्मी सफर को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा कि उनका सफर काफी चढ़ाव-उतार वाला रहा। इस दौरान अभिनेता ने इस बात पर जोर दिया कि संघर्षों पर काबू पाना किसी के लिए भी अपना रास्ता बनाने के लिए काफी जरूरी है। उन्होंने अपनी पहली फिल्म, प्यार का पंचनामा से शुरु हुए अपने सफर को याद करते हुए कहा कि सोनू के टीटू की स्वीटी से उनके करियर में एक महत्वपूर्ण बदलाव आया और फिर लोग उन्हें पहचानने लगे। अभिनेता ने इस दौरान आगे कहा कि इस फिल्म में भूल भुलैया 2 की भी कुछ चीजें शामिल की जाएंगी। हालांकि, उन्होंने साफ करते हुए कहा कि फिल्म की कहानी बिलकुल नई होने वाली है, जिसमें कई अप्रत्याशित मोड़ और उतार-चढ़ाव देखने को मिलने वाले हैं।

# मुन्नाभाई 3 लेकर आएंगे राजकुमार हिरानी

राजकुमार हिरानी की मुन्नाभाई फेंचाइजी के प्रशंसक वर्षों से इसके तीसरे भाग की मांग कर रहे हैं। हिरानी और संजय दत्त दोनों ही अपनी अन्य व्यावसायिक प्रतिबद्धताओं को पूरी करने में व्यस्त हैं। हालांकि, हिरानी की इच्छा सूची में सबसे ऊपर मुन्नाभाई 3 का नाम है। राजकुमार हिरानी ने हाल ही में कहा कि उनके पास फिल्म की पांच आधी-अधूरी स्क्रिप्ट है। हिरानी ने कहा, मैंने एक स्क्रिप्ट पर छह महीने बिताए, इंटरवल तक पहुंचा, और यह उससे आगे नहीं बढ़ पाया। उन्होंने कहा, सबसे महत्वपूर्ण कारक यह है कि अगली किस्त पिछली फिल्मों से बेहतर होनी चाहिए।

